श्रीमज्जैनाचार्य तपोधनी मध्यप्रांत केसरी परम प्रतापी पूज्य श्री १००८ श्री देवजी ऋषिजी महाराज साहब के सखा स्वरुप--

मेरे करुणा मूर्ति कृपालु गुरुदेव

श्री सखा ऋषिजी महाराज साहब !

आपश्री परम काव्य रसिकथे। आपकी मधुरता से जनता मंत्रमुग्ध हो जाती थी।

इस पामरको भी श्रीजीने काव्य पान के साथ संयम जीवन प्राण अर्पण किया है। जिसकी पुण्य स्मृति में यह 'जैनामृत सुबोध संग्रह' श्रीजी की प्रिय प्रसादी श्रीजी की सेवामें सविनय समर्पण करता हूँ।

चरण रज सेवक

"अक्षय"

अनुक्रमणिका

पृष्ठ

दो शब्द

पूज्य श्री कानजी ऋषिजी महाराज की सम्प्रदाय मे अधिकतर मुनि कवि एवं साहित्य रसिक होने की ही परम्परा चल रही है। यह सम्प्रदाय मालवा में अधिक रूप से था, परन्तु बाद में जहां मुनिराज नहीं पहुँचते हैं ऐसे देशों में विचरकर धर्मोद्योत करने का ध्यान इसी सम्प्रदाय के मुनिवरों को हुआ। फलतः निजाम स्टेट, बेंगलूर, रायपुर, दक्षिण-महाराष्ट्र छत्तीसगढ जिला आदि दूरवर्ती और जैन साधुओं के लिए विकट विहार के कष्टों को सहा और उक्त क्षेत्रों का उद्धार किया।

स्व० पूज्य श्री अमोलख ऋषिजी म० सा० ने हैदराबाद (निजाम) तक पधार कर कुछ वर्ष तक उपकार किया। अनेक धर्म ग्रन्थ लिखे, बत्तीस सूत्रों का सरल हिंदी भाषानुवाद करके सूत्र ज्ञान को सुलभ बनाया, जिसको दानवीर रा, ब सुखदेव सहायजी ज्वालाप्रसादजी ने छपवाकर मुफ्त प्रभावना की।

क्षेत्रोद्धारक विकट कार्य इसी सम्प्रदाय के वर्तमान पूज्य श्री देवजी ऋषिजी म० सा० घोर तपस्या करते हुए कर रहे हैं। आपके विद्याभिलाषी शिष्य रत्न प० अमरथऋषिजी महाराज की प्रेरणा से यह पुराना स्तवन सग्रह प्रसिद्ध हो रहा है।

२५ वर्ष पहिले ही ऋषि सम्प्रदाय मे दो जगमगाते जवाहिर मुनि पुगव मालवा देश को पावन कर रहे थे। एक थे ज्योतिष के

बेजोड़ विद्वान पं० मुनि श्री दौलत ऋषिजी महाराज जिनका शिष्य परिवार सुप्रसिद्ध अध्यात्म रसिक, सिद्धहस्त लेखक, प्रभाविक वक्ता वैराग्य आत्मार्थी मुनि श्री मोहन ऋषिजी म० और विवेक व्यवहारविद विनयऋषिजी म० आदि वर्तमान में मौजूद हैं।

दूसरे थे कविकुल भूषण पं० मुनि श्री अमीऋषिजी महाराज जिनकी कविताएं बड़ी रोचक, भाववाही, हृदय स्पर्शी और ज्ञान उपदेश के खजाना रूप है। जिनके विषय अन्य प्रस्तावना क्या करें ? 'सुबोध संग्रह' ही पाठकों के सामने पेश होरहा है।

ऋषि सम्प्रदाय कविकुल सा ही है। स्व० कविवर्य श्री तिलोकऋषिजी म० सा० और कवि श्री रत्नऋषिजी म० सा० जैन जगत में सुप्रसिद्ध हैं ही। आपके परिवार में वर्तमान युवाचार्य श्री प्र० वक्ता पं० रत्न आनन्दऋषिजी म० सा० ऋषिकुल की शोभा रूप हैं।

प्राचीन कवि लोग तर्ज राग रागणी आदि द्वारा श्रोताओं की कर्णेन्द्रिय को पोषने का लक्ष्य नहीं रखते, परन्तु जीवों को ज्ञान वैराग्य आत्म भाव प्राप्त हो ऐसा प्रयत्न अपनी रचनाओं में रखते थे। यही विशेषता आप कविकुल भूषण पं० रत्न स्व० अमीऋषिजी म० का यह "जैनामृत सुबोध संग्रह" में पावेंगे।

इस पुस्तक को छपवाने के लिए उदार श्रीमन्तों ने सहायता दी है जिनकी शुभनामावली पीछे दी है उन सज्जनों का आभार स्वीकार किया जाता है। वे सब धन्यवाद के पात्र हैं।

सरदारमल पुंगलिया, इतवारी, नागपुर, प्रमुख

जवाहरलाल रामावत, चीरजलाल के. तुरखिया, मन्त्री, श्री ऋषि-श्रावक समिति

संवत्सरी पर्व सं १६८५

॥ श्री वीतरागायनमः ॥

श्री जैनामृत बोध-माला

प्रथम चतुर्विंशति-जिनस्तवन

१ श्री ऋषभदेवजी का स्तवन।

आज आनन्द घन योगीश्वर आया ॥ यह देशी ॥

प्रथम जिनेश्वर नित प्रति वन्दूं, ऋषभदेव महाराया रेलो ।टेर।
सर्वार्थ सिद्ध तैंतिस सागर का, विलसी सौख्य सवाया रेलो ।
वनिता नगरी में अवतरिया, मरुदेवी उर आया रेलो ॥ प्र०
नाभिराय का नंद कहाया, कुल पै कलश चढ़ाया रेलो ।
पर उपकारी परम दयालु, जुगल्या धर्म छिपाया रेलो ए ॥ प्र०
जानि अनित्य राज्य ऋद्धि सम्पद संयम तप चित भाया रेलो ए।
इन्द्र नरेन्द्र असुर सुर मानव, प्रभु को शीस नमाया रेलो ए ॥प्र०
दे उपदेश भविक जन तारे, कर्म का वन्ध छुड़ाया रेलो ए ।
हाथी हौदे निज जननी को, शिवपुर महल बताया रेलो ए ॥प्र०
नाभि पिता भवकर शिव पाया, आवागमन मिटाया रेलो ए ।
कांच भवन नंदन भरतेश्वर, अनित्य-भाव मन भाया रेलो ए ॥प्र०
ब्राह्मी सुन्दरी सति सुखदायी, पुत्र निन्यानु कहाया रेलो ए ।
दीन दयालु कृपा मन आनी, कारज सिद्ध कराया रेलो ए ॥प्र०
अधम उद्धारन विरुद श्रवन कर, मैं तुम शरने आया रेलो ए ।
कहत अमीऋषि नाथ निरंजन, तार तार जिनराया रेलो ए ॥प्र०

२. अजितनाथजी का स्तवन ।

रे जीव विमल जिनधर वंदिये ॥ यह देशी ॥

रे जीव अजित जिनेश्वर सेविये ॥ टेक ॥
प्रभु सुख संपद दातार रे जीवा कल्पवृक्ष सम देवजी ।
मन वांछित पूरणहार रे जीवा ॥ अजित० ॥ १ ।
संपद वेलि बढ़ाया पुष्करावर्त जलधार रे जीवा ।
मिथ्या तिमिर मिटावण प्रभु सहस किरण दिनकार रे जीवा ॥अ
कर्म विकट वन काटवा प्रभु सुमिरण शुभ पद मान रे जीवा
संकट गिरिवर ढाया है विद्युत जिम ध्यान रे जीवा ॥अ
धन्वन्तरि सा वैद्य आप तू वैद्य भव व्याधि निवार रे जीवा
निर्यामिक जिम नाथजी भवसागर पार उतार रे जीवा ॥अ
चिंतामणि प्रभु नाम रे जीवा सब चिंता दूर पलाय रे जीवा
गरुड़ शब्द सुन सर्प डरे तिमि पाप समूह नसाय रे जीवा ॥अ
सकल भरम भय शान्त होत सब आरत दूर भगाय रे जीवा
मन वांछित शालता फल दें प्रभु राखे कर्मांकुर रे जीवा ॥अ
जीते शत्रु बधे सिर सेहरा विजयानंद सुखकार रे जीवा ।
कहत अमीऋषि नाथजी मम आवागमन निवार रे जीवा ॥अ

---

३ श्री संभवनाथ प्रभु का स्तवन ।

कपूर होवे अति ऊजलो ॥ ए देशी ॥

संभव जिनवर सांभलो रे सेवक की अरदास ।
तुम जग जीवन भय हरो रे मेटो भव दुःख पास ॥
जिनेश्वर तारो दीन दयाल ॥ टेर ॥ १ ॥

लोका लोक प्रकाशतोरे, केवल ज्ञान दिनेन्द्र।
भव भव तिमिर विनाशतोरे, तीरथनाथ जिनेन्द्र ॥जिने०२॥
ब्रह्मपने जिनरायजीरे, समता संवर खान।
आभ्यंतर गुण शोभतारे, धर्म शुक्ल दोय ध्यान ॥जिने०३॥
पर उपकारी जगत् पतीरे, सकल पदारथ जान।
प्राण वल्लभ प्रभु मेरा रे, साहिब तुम ही सुजान ॥जिने०४॥
आश करूँ प्रभु आपकी रे, और न ध्याऊँ चित्त।
तुमसे मुझ मन रंजियोरे, तुमसे लगी है प्रीत ॥जिने०५॥
तुम विन कौन सेवक तणी रे, सार करे जिनराज।
भय भंजन प्रभु आप होरे, तारो गरीब निवाज ॥जिने०६॥
नृपति जितारथ कुल भूषण रे, सेना रानी नंद।
अमीरिख मन भावतो रे, सम्भव जिन सुखकन्द ॥जिने०७॥

---

४. श्री अभिनन्दनजी का स्तवन।

जमींकन्द मेरे जीव जाइ ऊपनो । यह देशी ॥

श्री अभिनन्दन करुणा कीजिये, दोजी निज सुख सार।
भव भव भमतो रे शरने आयो, भव जल पार उतार ॥श्री०
वार अनन्त रे नरके ऊपनो, पायो दुःख अनन्त।
दीन दयाल सब जानते हो तुम, करिये सब दुख अन्त ॥श्री०
एक मुहूरत मांही भव किया, साढ़े पैंसठ शेष।
छत्तीस अधिक निगोदे जानो, सुख का नहीं कुछ लेश ॥श्री०
स्थावर त्रस तिर्यंच गती में, छेदन भेदन त्रास।
परवश होय सह्यो इन प्राणीन, बन्ध्यों मोहिनी पास ॥श्री०
नरभव जाति हीन कुल पाया, मिथ्यामत चितलाय।
खोटा पक्ष करी भव संचिया, व्यर्थ ही जन्म गमाय ॥श्री०

कप खपाले सुरगति पायो, राख्यो सौख्य विलास।
फुलियो चवम समे चेतन मयो मूक्यो सुर सुखरास ॥श्री०
संवर राय सिद्धार्थ मात का नन्दन सुखदाय।
क्षमी ऋषि कर जोड़ विनवे, तारो श्री जिनराय ॥ श्री०

५. श्री सुमतिनाथ प्रभु का स्तवन।

सुणो चन्दाजी श्रीमंधिर परमातम पास जायजो ॥ यह देशी ॥

श्री सुमति जिनेन्द्र सुमति दायक नायक त्रिभुवन नाथ हो।
प्रभु ज्ञान दिनेन्द्र मिथ्या तिमिर निवारक तारक तात हो तें
मन मोहन करुणा रस भरिया, तुम सुख संपद गुण आदरिया।
सब कर्म भर्म दूरा हरिया ॥ श्री सुमति० ॥१॥
प्रभु त्रिभुवन आनन्द कारक हो, जग जन के तुम उपकारक हो।
तुम समता रस गुण धारक हो ॥ श्री सुमति० ॥२॥
तुम लक्षण अङ्ग विराज रहें, एक सहस्र आठ मन काज रहें।
तुम आगे सुरपति लाज रहें ॥ श्री सुमति० ॥३॥
सुर इन्द्र सकल गुण गावत हैं प्रभु निरख निरख सुख पावत हैं।
धन्य धन्य जो तुमको ध्यावत हैं ॥ श्री सुमति० ॥४॥
प्रभु थारी अनुभव रस राची सब कर्म भर्म दूरे टेली।
चउगति विपदा दूरे मेली ॥ श्री सुमति० ॥५॥
प्रभु सुख अनन्त पाये हैं सब जन्म मरण मिटाये हैं।
मविजन शरणे तुम आये हैं ॥ श्री सुमति० ॥६॥
मेघरथ नृपति सुमङ्गला माता भव भव दीजो संपद साता।
क्षमी ऋषि चरण शरण चाहता ॥ श्री सुमति० ॥७॥

६. श्री पद्मप्रभु का स्तवन।

सद्गुरु चरनारे नमिये ॥ यह देशी ॥

पद्म जिनेश्वर रे, प्यारा प्रभु जगजीवन मोहनगारा।
जग वालेश्वर अन्तर्यामी, पुण्ययोगे तुम सेवा पामी।पद्म०टेर।
तुम ही आत्माराम हमारो, क्षण नहीं विसरूँ नाम तुम्हारो।
जब प्रभु तुमसे मुझ लय लागी, मिथ्यादेव भ्रमणा भागी।प०
मिलने प्रभु को मुझ मन तरसे, जब जगनायक किरपा करशे।
उस दिन मिलेंगे हर्ष भरे, अष्ट कर्म रिपु जब दूर हटे॥प०
तुम शरण विना भव भव भटक्यो,
अब तुम चरन कमल चित्त अटक्यो।
अवर देव सब आशा छांडी, निश्चल प्रीति प्रभु संग मांडी।प०
प्रीत रीत प्रभु जो तुम पारो, मुझ सन्मुख एक वार निहारो।
जो मुझ वांछित काज सुधारो, विसरूँ नहीं उपकार तुम्हारो।प०
द्वादश गुण महा उत्तम छाजे, दोष अठारह रहित विराजे।
रक्तोपल सम देही सोहे, देखकर सुर नर सब मन मोहे।प०
नायक तू ही सिद्धगति को, घायक नाथ कुमति कुगति को।
अधमोद्धार विरुद सुखकारी, जान शरण लिया सुविचारी।प०
श्रीधर भूपति के कुल चन्दा, सुसमाराणी सुत सुख कन्दा।
अमीरिख तुम चरन चल आया, कृपाकरी तारो महाराया।प०

७. श्री सुपार्श्वनाथ का स्तवन।

श्री मुनिसुव्रत साहिब सांभो ॥ यह देशी ॥

स्वामी सुपार्श्व आश मुझ पूरो, आयो शरन हजूरो रे।
ज्ञान दिनेन्द्र हिये प्रकटाओ, मिथ्या तिमिर प्रचूरो रे।स्वामी०

काल अनन्त कर्म वश भमियो, चउगति में दुःख खमिया रे।
पुण्य प्रसाद मनुज भव पायो, मिथ्यामत वश गमियो रे ॥स्वा०
देव अदोषी गुरु निरलोभी, धर्म दया नहीं धार्यो रे।
भ्रम उदय मिथ्यामत खेंची, निजगुण से पर हार्यो रे ॥स्वा०
इस विध काल अनेके बीत्यो अब प्रभुजी मुझ पाया रे।
करुणा भाव सेवक पर आणी, अर्ज सुणो महाराया रे ॥स्वा०
निज गुण संपद मुझको दीजे, कर्म कलंक हरीजे रे।
किंकर ऊपर किरपा करीजे तो सब कारज सीझे रे ॥स्वा०
प्रभु तुम सेवा लागत मीठी सार सुधारस वाणी रे।
रीझ रह्यो तिम सुदिल हमारो, तारो करुणा आणी रे ॥स्वा०
प्रतिष्ठसेन नरेश को नंदन, पृथवी तुम महतारी रे।
कहत अमीरिख शरणे आयो तारो भरम अपधारी रे ॥स्वा०

८. श्री चन्द्रप्रभुजी का स्तवन।

श्री आदीश्वर स्वामी हो, प्रणमूं शिरनामी तुम भणी।
प्रभु अन्तरयामी आप ॥ यह देशी ॥

चंदा प्रभु जिनराया हो, मन भाया साहिब माहरे कोइ
और न आवे दाय।
सूरत मोहनगारी हो बलिहारी तिहारी भावसी कोइ
सुरनर रह्या लुभाय ॥ चं० ॥१॥
चन्द्रपुरी पति शोभे हो, प्रभु चरणे लंछन चन्द्रमा कोइ,
चन्द्र परम मनुहार।
द्रव्य भाव जिम चन्द्रा हो मुख सोहे पूरण चन्द्र सो कोइ,
झलके तेज अपार। चं० ॥२॥

प्रबल ताप जग मांही हो, प्रभु विषय कषाय मिटाववा कांइ,
शीतल अमृत वेन ।
ध्यावे जो शुद्ध भावे हो, नहीं आवे आरत आसनी कांइ,
पावे शिव सुख चेन ॥ चं० ॥३॥
दास अरज अवधारी हो, विचारी विरद जिनेश्वर कांइ,
तारो प्रभु कृपाल ।
वार वार क्या कहिये हो, किम कठिन करो चित्त दाससुं कांइ
करुणावंत दयाल ॥ चं० ॥४॥
जिम तुम होय वड़ाई हो, भलाई कीजे हम थकी कांइ,
महिर करो महाराज ।
नेह नजर निहारो हो, प्रभुपालो पूरन प्रीतड़ी कांइ,
गिरुआ गरीब निवाज ॥ चं० ॥५॥
भक्त सहायक नायक हो, प्रभु घायक कर्म महाबली कांइ,
दायक शिव सुख सार ।
करुणा सागर नागर हो, प्रभु गुण रतनाकर जग गुरु कांइ,
कीजे भव जल पार ॥ चं० ॥६॥
महासेन नृप नन्दा हो, सुख कन्दा लक्ष्मा राणी का कांइ,
मन मोहन गुणवंत ।
अमीरिख ने तारो हो, उबारो दुःख सागर थकी कांइ,
भय भंजन भगवन्त ॥ चं० ॥७॥

९. श्री सुविधिनाथजी का स्तवन ।

देशी—मल्लि जिन बाल ब्रह्मचारी । (लावणी के राग में)

सुविधि जिन समरो नरनारी, मिथ्या देव अनेक जगत में,
जाणो दुःखकारी ॥ टेर ॥

विषय कषाय मोह वश पड़िया शैल चक्र धारी।
रामा संग लीन हो वरते शुद्ध बुद्ध परिहारी ॥ सुविधि०॥३॥
कोई दंड कमंडल धारी, लालच अधिकारी।
मृग छाला माला लेई हाथे, विषय आशधारी ॥ सु० ॥४॥
हस्त कपाल व्याल व्याल गल भूषण, कर वसु भ्रमधारी।
सेवमान छक रहे नशे में राखे संग नारी ॥ सु० ॥५॥
कोई भजा महिष मद माँगे, कोई मदिरा धारी।
राग द्वेष कर्मों वश पड़िया ते किम दे तारी ॥ सु० ॥४॥
सत्तरा गुण धारी उपकारी दोष सकल वारी।
केवल ज्ञान दर्शन से शोभे त्रिभुवन मनुहारी ॥ सु० ॥५॥
नहीं कोई तारक तुम सम जग में, हम निश्चय धारी।
चरम शरण जिनराज आपको, कीमो सुविधारी ॥ सु० ॥६॥
श्री सुग्रीव नृपति कुल चम्दा रामा महितारी।
अमीरिख कहे नाथ निरंजन कर भव जल पारी ॥ सु० ॥७॥

——×——

१० श्री शीतलनाथजी का स्तवन।

मानव जन्म जन्म रत क्यों पच्यो रे, सतगुरु समझायो ॥ यह देशी ॥

प्यारा लागो प्यारा लागो शीतल जिन देवा रे।
चाहुँ चरन की सेवा, नित वंदू ॥ टेर ॥
परमातम पूरन सुखकारी, प्रभु पूरन पर उपकारी रे।
भव्य जन समझाया सत्य मर्म मिटाया शीवपुर पहुँचाया ॥ प्या०
शीतल वचन महा सुखदाई धारे भवि प्रानी चित्त मांई रे।
भव ताप मिटावे, उपशम चित्त पावे, शिव पंथ बतावे ॥ प्या०

आश्रव मेल निवारण वानी, जिम निर्मल गंगा पानी रे।
मिथ्या तिमिर विनाशे, जिमभानु उजाशे, जिन धर्म प्रकाशे॥प्या०
श्री जिन वचन धारी नरनारी, लीनी मोक्षपुरी सुखकारी रे।
भव दुःख मिटाया, सब कर्म खपाया, अविचल सुख पाया॥प्या०
कयी अपराधी मुगत पहुँचाया, इम सुन मुझ चित्त ललचायारे।
भ्रमणा सब तोड़ी, तुमसे चित्त जोड़ी, प्रणमूँ कर जोड़ी॥प्या०
लागी बहुत तुमसे मुझ आशा, प्रभु हवे नहीं कीजे निराशारे।
सेवक निज जाणी, करुणा चित्त आणी, तारो गुणखानी॥प्या०
दृढ़रथ राय नंदादेवी नंदा, अमीऋषि कहे सुख कन्दारे।
विनती चित्त लाओ, निज भुवन बताओ, मुझे यही उमावो॥प्या०

—×—

११. श्री श्रेयांसनाथजी का स्तवन।

बंधव बोल मानो हो॥ यह देशी॥

श्री श्रेयांस जिनेश्वर, सुख संपद दाता हो, आनंदकारी नाथजी।
मुझ चित्त को सुहाता हो, जिनेश्वर अरज सुनोजी हो॥१॥
मुझ मन मोह्यो आपसुं, नहीं और सुहावे हो।
चिंतामणी तज कांच को, कौन मूरख चाहे हो॥ जिने०॥२॥
समय समय पर मुझे सांभरो, आप प्रभु अनुरागे हो।
इस जग में कोई नही ऐसा, जिनसे मन लागे हो॥ जिने०॥३॥
अमृत रस के स्वाद को, पीए सो ही जाने हो।
इम प्रभु से मुझ प्रीत को, नहीं कोई पिछाने हो॥ जिने०॥४॥
पूरन प्रीति आपसे, नहीं छूटे छुड़ाये हो।
शरने आयो आपके, प्रभु लीजे निभाई हो॥ जिने०॥५॥

अधम उद्धारक मैं सुण्यो, प्रभु बिरद तुम्हारो हो।
दास चरण अवधार के, कीजे भव पारो हो ॥ जिने० ॥६॥
विष्णु पिता विष्णु मात के नंदन सुखदायी हो।
कहता अमीरिख मायजी, होज्यो मुझ सहायी हो ॥ जिने० ॥७॥

१२. श्री वासुपूज्यजी का स्तवन।

गया निकल सुबह का तारा मुझे छोड़ चला बनजारा। यह देशी।

श्री वासुपूज्य अविकारी प्रभु पूरो आश हमारी ॥ टेर ॥
प्रभु काल अनन्तो भमियो कर्मवश जगत भमियोजी।
मैं सहा कष्ट अतिभारी ॥ प्रभु० ॥१॥
अब देव चवोपी आता, मैं तारण तरण पछियान्याजी।
आ शरन ग्रहो सुविचारी ॥ प्रभु० ॥२॥
अति करणी बिन कठोर तो भी तुम साये जोरजी।
नहीं कोई शरण तुम्हारी ॥ प्रभु० ॥३॥
सब अवगुण माफ करीजो मुझ आश तुम्हा हरीजोजी।
नहीं भूलूं तुम उपकारी ॥ प्रभु० ॥४॥
प्रभु मांगू जिम तिम आगे तो पात सभी नहीं लागेजी।
कुदेव दिया मैं विसारी ॥ प्रभु० ॥५॥
एक शम रस का प्यासा नहीं और कछु मुझ आशाजी।
करो पूरन मेह विचारी ॥ प्रभु० ॥६॥
वासुपूज्य जया के नन्दा अमीरिख तुम्हारा बंदाजी।
तुम चरण कमल बलिहारी ॥ प्रभु० ॥७॥

१३. श्री विमलनाथजी का स्तवन।

अरणक मुनिवर चाल्या गोचरी ॥ यह देशी ॥

विमल जिनेश्वर साहिब सेविये, निर्मल ज्ञान विचारोजी।
विषय कषाय मिथ्यात्व निवारजो, धारे निज गुण सारोजी।वि०
सेवक निशदिन तुमसे विनवे, अवधारो अरिहन्तोजी।
तुम सम नहीं उपकारी, भय भंजन भगवन्तोजी ॥वि०
दीन अनाथ न मेरे सरीखा, तुम सम नहीं सुखकारीजी।
शरने आयो साहिब आपके, तारो दास विचारीजी ॥वि०
एक एक से अधिक जगत् में, कयी प्रभु दासोजी।
तो भी अन्तर मुझ सुमति करो, सरखी सहुने आशाजी ॥वि०
एक विसारो रे तारो एक को, जुगतो (उचित) नहीं तुम एहजी।
गिरुवा ठाकर चाकर ऊपरे, रखे सरीखो स्नेहजी ॥वि०
कर्म खपायारे जो मुझ तारशो, तो कैसो उपकारोजी।
सुख के समयेरे सज्जन हैं घने, दुःख में कोई विचारोजी ॥वि०
श्यामा माँय राय कृतवर्म को, नन्दन तुम जिनराजोजी।
कहत अमीरिख निभाओ प्रभु, बांह ग्रहे की लाजोजी।' वि०

---

१४. श्री अनंतनाथजी का स्तवन।

प्रह ऊठीने सुमरीजे हो भविजन, मंगलिक शरणा चार ॥ यह देशी ॥

अनन्त जिनेश्वर साहिबा हो प्रभुजी, अनन्त ज्ञान भंडार।
कर्म भर्म सब मेट दिया हो प्रभुजी, पाम्या शिव सुखसार॥
जिनवर सांभलो हो प्रभुजी, भवजल पार उतार ॥१॥
दर्शन ज्ञानावरण टल्या हो प्रभुजी, केवल दर्शन ज्ञान।
वेदनी कर्म निवार ने हो प्रभुजी, निराबाध सुखमान ॥ जिन०

क्षायक समकित पामिया हो प्रभुजी, मोहनी कर्म निवार।
आयु कर्म हटाय के हो प्रभुजी, अटल अवगाहन धार ॥ जिन०
नामकर्म को क्षय करी हो प्रभुजी अमूर्तिक पद पाय।
गोत्र गये प्रकट भयो हो प्रभुजी, अगुरु लघु पर्याय ॥ जिन०
अन्त करी अन्तराय को हो प्रभुजी शक्ति लही अनन्त।
इम आतमगुण धारिया हो प्रभुजी कीनो सब दुःख अंत ॥ जिन०
अजरामर अविकारिया हो प्रभुजी अक्षय अचल जिनेश।
आवागमन मिटाय के हो प्रभुजी दीजे अविचल देश ॥ जिन
सिंहसेन कुल चन्द्रमा हो प्रभुजी, सुयशा अंगजात।
धर्मऋषि की विनती हो प्रभुजी धारो श्री जगनाथ ॥ जिन०

---

१५. श्री धर्मनाथजी का स्तवन।

कुन्थु जिनराज तू ऐसा ॥ यह देशी ॥ (रखता राग में)

धरम जिनराज मज भाई सदा सुख साथ चित्त लाई।
सब मन वांछित फल पावे विघ्न सब दूर हट जावे ॥ धरम०
चतुर्गति मांही मैं भटक्यो, कर्मों ने निगोद में पटक्यो।
सह दुःख के मैं भया कायर पास तुम्हारे चल के आया ॥ धरम०
भ्रम से आतम गुण गैवाया, मैरा दिल पुद्गल से माया।
पापपङ्क लख्यियो जग मांई, कष्ट सह्यो मैं अधिकाई ॥ धरम०
प्रभु दर्शन का मैं प्यासा यही दिल में लगी आशा।
सुनो यह विनती मेरी, शरन चित्त चाहता है तेरी ॥ धरम०
कठिन दिल जो करो ऐसे, करो करुणा निधि कैसे !
प्रभु क्या बार बार कहिये, पतित की बांह दृढ़ गहिये ॥ धरम०

अरज की मरज दिल आणो, प्रभु अब बहुत मत ताणो ।
फिर है मुश्किल यह मेला, विचारो क्यों न अलबेला ॥धरम०
भानु नृप सुव्रता नंदा, नाथ सर्वज्ञ सुखकंदा ।
अमीरिख अर्ज दिल धारो, वेग ससार से तारो ॥धरम०

१६. श्री शान्तिनाथजी का स्तवन ।

आयो आदीश्वर आपके वर्षिको पारणो ॥ यह देशी ॥

गाओ शांति जिनेन्द सदा चित्त हित धरी,
दिन दिन संपद पूर विपद जावे टरी ।
संकट विकट विनाश, ऋद्धि वृद्धि करे,
करम भस्म दुःख शोक अरति दूर हरो ॥१॥
विश्वसेन कुल चन्द अमन्द गुण भर्या,
अचिरा देवी माय उदर आप अवतर्या ।
गरमे रही जिणे मृगी रोग मिटावियो,
साता कारक शांति नाम नस ठावियो ॥२॥
शांति जिनेश्वर नाम आनद आराम है,
अरिकरि हरिभय जाय, रहे सुख धाम है ।
ताव तिजारी रोग व्याधि सब उपशमे,
वैरी दुर्जन दुष्ट आवी चरने नमे ॥३॥
सज्जन जन संयोग वियोग दुर्जन तणो,
पृथ्वीपति सनमान, देवे तस अति घणो ।
डंकनी शंकनी भूत भोटिंग दूरे हटे,
बध बंधन ठग चोर, जहर सघला मिटे ॥४॥
ॐ ह्रीं श्रीं शुद्ध बीज शांति शाति करे,
दुष्ट दमन स्वाहाः मंत्र भविक हिरदे धरे ।

जो ध्यावे गुरु भाव, टले सब आपदा
इह भव आनन्द पूर लहे शिव सपदा ॥१॥
शांति समा जग मांय देव दूजो नहीं,
तारक भव जल आप कियो निश्चय सही।
महिर करी महाराज हरो भव पासमैं
जन्म मरण दुःख मेट, दीओ शिवबास मे ॥२॥
अधमोद्धारण बिरद सुनके समाधियो,
तजिया सर्व कुदेव तूही मन भावियो।
अमृतरिख नित मेव चहे तुम सेवजी
यो निज गुण शिवपद्म, सदा जिन देवजी ॥३॥

१७ श्री कुंथुनाथजी का स्तवन।

विंदु पंखिया राणी गुणवन्ती तारजो ॥ यह देशी ॥

नमो जिनवरजी कुंथु जिनन्द दयालजी।
करुणा रस का सागर त्रिभुवन का धणी रे लो ॥ नमो० ॥
सतगुरु के उपकार जो
पुण्य पसाये पायो सेवा तुम तणी रे लो ॥ नु० ॥१
चीर न आवे दाय जो
हरिहर ब्रह्म पुरंदर जग शोभा अति रे लो ॥ नु० ॥
लाग्यो तुम सु नेह जो
गुणमणी रयण करंड सदा वरती रति रे ला ॥ नु० ॥२
पूरव पाप पसाय जो
दुःखमी आरे वसिया भरत में ऊपनोरे लो ॥ नु० ॥
आर्णी दीन अनाथ जो
भ्रम मिटावी दर्शन दो निज रूपनोरे लो ॥ नु० ॥३

ताणी वाद विवाद जो,

मिथ्यामत पाखंडी मुझ मन भोलव्योरे लो ॥ सु० ॥

छुड़ाया निज धर्म जो,

पुद्गल मांहि रचावी भव भव रोलव्योरे लो ॥ सु० ॥४

आगम के अनुसार जो,

किंचित शैली जाणी मै तुम धर्मकीरे लो ॥ सु० ॥

साचा तुमही देवजो,

करुणा धारी वारी टाटी कर्मकीरे लो ॥ सु० ॥५

खमजो मुझ अपराधजो,

अधमोद्धारक विरुद तुम्हारो जगपतिरे लो ॥ सु० ॥

तुम सम तारक नांय जो,

उस कारण जगनाथ करूँ नित विनतीरे लो ॥ सु० ॥६

सूर नृपति कुलचन्दजो,

श्री देवी सुत सुरनर जग मन भावियोरे लो ॥ सु० ॥

अमीरिख अरदास जो,

धारो पार उतारो शरणे आवियोरे लो ॥ सु० ॥७

---

१८. श्री अरहनाथजी का स्तवन।

हीर रंजाकी, चम्पा देवादी निजरारो मेलो म्हारी वेंनरो । यह देशी।

श्री अरह जिनेश्वर, सेवा सुखकारी पूरन प्रीतसुं ॥ टेर ॥

कर्म हणी केवल लियो सरे, थाप्या तीरथ चार ।

स्वयमेव प्रति बोधिया सरे, पुरुषोत्तम गुणधार,

पुरिषसिंह पुंडरीक वर पंकज, गंध हस्ति सुविचार हो ॥श्री०

लोकोत्तम स्वामी हित कारक दीप रवि जिम जान।
अभय चक्षु मारग का दाता, दायक शरण सुजाण।
जीतव बोध धर्म उपदेशी नायक तुम गुण खाण हो॥ श्री
धरम चलावन सारथी रे, धर्म चक्री जिनराय।
भव सागर में द्वीप सरिखा, शरणो लियो सहाय।
अनन्त ज्ञान दर्श स्थिर पाया सर्व भाव दरशाय हो॥ श्री
जिणाणं जावयाणमी वैरी जीत जिताय।
तिरे तिरावे समझे समझावे मुक्त होय मुकाय।
पूरण ज्ञान दर्श शिव निश्चल, रोग रहित कहेवाय हो॥ श्री
अनन्त अक्षय पद बाधा नहीं, ऊपजे नहीं संसार।
सिद्ध गति शुभ नाम शाश्वतो, स्थानक महा सुखकार।
कर्म खपाय गया शिव मंदिर, पाया पद अधिकार हो॥ श्री
निर्विकल्प निष्कलंक निरंजन अलख अखंड अरूप।
अष्ट गुणोत्तम धारक स्वामी, चिदानन्द चिद्रूप।
अजर अमर अविनाशी वासी शिवनगरी का भूप हो॥ श्री
पिता सुदर्शन देवी माता, जगन्नाथ सुखकार।
निराधार आधार नाथजी शरण लियो सुविचार।
धर्मीरत्न कहै कृपा करीने, कीजे भवजल पार हो॥ श्री

श्री मल्लिनाथजी का स्तवन।

गाफल मत रहे रे। यह देशी॥

जपो जिनवर रे, मेरी जान, जपो जिनवर रे।
जिनेश्वर जपिये हितकारी मल्लि जिन बाल ब्रह्मचारी। जपो जि
मिथिला नगरी मनोहारी, नृप कुंभ महा गुणधारी,
परभावती उर अवतारी।
पूर्व भव माया परभावे, जिनेश्वर प्रथम वेद पावे॥ जपो० १॥

प्रभु महिमा जग में भारी, पूरव भव प्रीत विचारी,
व्याहन छऊ नृप हितकारी।
चतुर्विध सेना सज सघरी, आप घेरी मिथिला नगरी ॥ ज०
कुम्भराय सोचे मन मांही, प्रभु तब फरमावे आई,
छऊ नृप देसुं समझाई।
कराये मोहन घर तैयारी, रची पुतली निज अनुहारी ॥ ज०
एक ऊपर ढंक रखावे, माहि भोजन सरस भरावे,
कयी दिन अन्तर बीतावे।
मोहन घर भूपति बुलवाये, उमंग दिल धरके छऊ आये ॥ज०
रूप लखि पुतली को अनूप, देख चकित भये सब भूप,
पड़े विषय मोह अन्ध कूप।
उघार्यो पुतली ढकताई, दुरगंध फैली अधिकाई ॥ ज०
तब भूपति मन घबरावे, उपदेश प्रभु फरमावे,
तन धन अस्थिर बतलावे।
छिनक में देह विनश जावे, मोह वश मूरख ललचावे ॥ ज०
सुन भूपति मोह निवारे, सबहि मिल संयम तप धारे,
लई केवल मोक्ष सिधारे।
अमीरिख चरन शरन चाहता, मोय देना अचल सुखशाता ॥ज०

२०. श्री मुनिसुव्रतजी का स्तवन।
(राग-महाड़)

तुम धन धन तुम धन धन शांति जिनेश्वर स्वामी ॥ यह देशी ॥

श्री मुनिसुव्रत देव चरन चित्त लाओ तो सही।
एक शुद्ध मन ध्यान लगाय, परभव पाओ तो सही ॥ टेर ॥
अधमोद्धार देव प्रभु ने मनाओ तो सही।
दुःख विपत विडारन नाम, निरंजन ध्याओ तो सही ॥ श्री०

श्री जिन वचन आराध सदा सुख पाओ तो सही।
शुभ दर्शन ज्ञान चारित्र हिये तप ठाओ तो सही ॥ श्री
अद्भुत पूरण ज्ञान ज्योत प्रकटाओ तो सही।
ये राग द्वेष तम मर्म अनादि हटाओ तो सही ॥ श्री
मिथ्या कुमत छोड़ मुक्ति पथ आओ तो सही।
ये विषय विकार निवार, पार भव पाओ तो सही ॥ श्री
काम क्रोध मद लोभ कपट भ्रम छोड़ो तो सही।
एक निज गुण तत्त्व पिछान, परम लय लाओ तो सही ॥ श्री
घाए कर्म दल जीत निशान फिराओ तो सही।
सब जनम मरण दुख मेट, अचल गति आओ तो सही ॥ श्री
अगम अगोचर रूप निरंजन ध्याओ तो सही।
शिव नाम अमीरिख ध्याय अमर पद पाओ तो सही ॥ श्री

---

२१ श्री नमिनाथजी का स्तवन।

(राग-प्रभात)

जागे भावी अभागी निंद क्या दृग खोले तो सही ॥ यह टेर
प्रातः समय शुभ गाओ भविजन नमि जिनन्द हितकारी
आरती विपत विघ्न भय नासे पावै संपदा भारी ॥ प्रात
घन घाती कर्म दूर करी ने केवल भानु प्रकाशी।
चार अघातिक मेट विराजे, शिव मन्दिर अविकारी ॥ प्रात
जग तारक पदवी तुम पाये कयी तारे नरनारी।
इस पद किंकर पर करुणा कर, तारो मर्ज अपयारी ॥ प्रात
भूखा भोजन जल प्यासे को, पंथी धाम विचारी।
जहाज समुन्दर साथ दुखी को औषध राम आधारी ॥ प्रातः
रोगी को औषध आधारी, बालक को महतारी।
तिम आधार तुम्हारो जिनजी, करुणा निधि उपकारी ॥ प्रात॰

ाश निराश करे नहीं दाता, मंगन आये द्वारी ।
ेवक जाण कृपाल प्रभुजी, पूरो आश हमारी ॥ प्रात:०
वेजयसेन नृप विप्रा नन्दन, वन्दन वार हजारी ।
कहत अमीरिख देव निरंजन, कीजे भव जल पारी ॥ प्रात:०

२२. श्री अरिष्ठनेम प्रभुजी का स्तवन ।

मेरी मेरी करतां जनम गया रे । यह देशी ॥

श्री जिन नेम परम उपकारी, तारन तिरन सुख का दातारी ।टेर।
समुद्र विजय शिवादेवी के नंदा जादवकुल सुखदायी जिनंदा.
कृष्ण प्रिया मिल व्याह मनाया, उग्रसेन व्याहन घर आया ।श्री०
हरि हलधर महोत्सव अति कीना छप्पन क्रोड़ जादव संग लीना;
पशु पुकार दया चित्त लाया, तोरन से रथ फेर सिधाया ।श्री०
नव भव राजुल नेह निवार्यो, सहस्रावन जाई संजम धार्यो ।
होय अयोगी मुगत पद पाया, सेवक तुम पद शरन लुभाया ।श्री०
ज्यों जलधर जल बूंद न देवें, तो भी चातक और न सेवे ।
जो शशी चित्त स्नेह न लावें, तोहि चकोर और नहीं ध्यावें ।श्री०
मालति जो मन स्नेह न जोड़े, तो भी भ्रमर संग नहीं छोड़े ।
जो तरुवर पंखी नहीं तेड़े, तो पण विहंग भमे तस केड़े ।श्री०
देव निरागी जो राग न लावे, तो भी सेवक और न चहावे ।
किंकर जान तारो जग देवा, तो मैं जानूं सफल भयी सेवा ।श्री०
मुझ सम अनेक करे तुम आशा कृपा करी दीजे सबको दिलाशा ।
अमीरिख प्रभु दास तुम्हारो, कृपा करी भव भ्रमण निवारो ।श्री०

२३ श्री पार्श्वनाथजी का स्तवन ।

पीतमजी कहेवि सुण गुणावली ॥ यह देशी ॥

पार्श्व जिनेश्वर साहिब चित्त वसो, और न आवे दाय ।जि
अहोनिश ध्यान तुमहारो ध्यावता, आरति सब टल जाय ।जि
मोर का ध्यान लगा घन घोरसुँ, मरुघी इक चित्त ढोर ।जि
चकवी भानु मधुकर मालती, चाहे चन्द्र चकोर ।जि०।पा
हंस सरोवर कोकिल आम्र को, दीपक ध्यान पतंग ।जि
हस्ती सुमरे कजली वन को सफरी मन जल गंग ।जि०
सतवती चाहे जिम कंथ ने, पनिहारी घट चित्त ।जि
बालक के मन जिम जननी बसे, तिम मुझ मन्नु ले प्रीत ।जि०
रात दिवस नित सुरता आपरी दिल से दूर न होय ।जि
अन्तरजामी स्वामी हमारो तुम सम और न कोय ।जि०
भव भव भटकत शरणे आयो सुखकारी जिनदेव ।जि
सेवक जाणी किरपा राखजो दीजो अविचल सेव ।जि०
अश्वसेन नृप वामानंद को अर्ज करूँ कर जोड़ ।जि
कहत अमीरिख देव दया करी कर्म बंधन से छोड़ ।जि०

---

२४ श्री महावीर स्वामी का स्तवन ।

आज म्हारा सेमव जिनजी का,

हित चित से गुण गास्यां राज ॥ यह देशी ॥

आज हम महावीर जिनन्द के, चरन कमल चित्त धरस्यां
मन वच काय लगाय भजन से आत्मा निर्मल करस्यां राज।आ
समकित ज्ञान चारित तप से शिवपुर पथ आचरस्यां
श्री जिन आज्ञा चढ़ी शिर ऊपर, निर्भय होय विचरस्यां राज।आ
कंदर्प क्रोध लोभ मद माया सब ही पाप परहरस्यां

राग द्वेष दोय बंधन तोड़ी, कर्मरिपु दूर करस्यां राज ।आ०
सद्गुरु सेवा सूत्र की श्रद्धा, भाव उलट आदरस्यां ।
पुद्गल भर्म संग तज दूरे, आतमगुण अनुसरस्यां राज ।आ०
अविनाशी अविकार निरञ्जन, रसना तुम गुण वरस्यां ।
धर्म शुक्ल शुभ ध्यान आराधी, करणी कर भव तिरस्यां राज ।आ०
अधमोद्धारन विरुद प्रभु को, दृढ़ विश्वास पकरस्यां ।
अष्टकर्म दल दूर हटावी, मुगत पंथ पग भरस्यां राज ।आ०
सिद्धारथ नृप त्रिसला सुत ने, प्रतिश्वास सुमरस्यां ।
अमीरिख श्रीजिन भक्ति करीने भव जल पार ऊतरस्यां राज। आ०

चौवीस जिन स्तवन ।

* कलश *

हरिगीत छन्द ।

चौवीस जिनवर कल्पतरुवर, ध्यान महा सुखकार है ।
लहे संपद विपद नाशे, होय भव जल पार है ॥
इम जाने जग गुरुदेव कीर्ति, स्तवो शुद्ध भावे भवि ।
उगनीस बावन मास कार्तिक, कृष्ण पक्ष दसवीं रवि ॥१॥
न्यूनाधिक जो वर्ण जाणो, कृपा करी सुधारजो ।
ज्ञान समकित दया संवर, शियल तप चित्त धारजो ॥
उपकार श्रीगुरु सुखारिखजी, भावसूं स्तवना करी ।
कहे अमीरिख सुने गावे, सो लहे अविचल सिरी ॥
नित लहे भविजन हिरी सिरी ॥२॥

प्रवर पण्डित कवीश्वर श्री, अमीऋषिजी महाराज रचित
चतुर्विंशति जिन स्तवन प्रथम समाप्त ।

ॐ शांति ! ॐ शांति !! ॐ शांति !!!

श्री चतुर्विंशति-जिनस्तवन

(दूसरी चौबीसी)

---

१ श्री आदीश्वर जिन स्तवन ।

धर्मजिन्द मेरे चीत आइ वसमे ॥ यह देशी ॥

वंदूं आदि जिनेश्वर आप से जीवन प्राण आधार
भव भव भमतां रे साहिब पामियो, श्री गुरु के उपकार ॥ वंदूं०
नाभि नरेश्वर कुल कमलाकरा मरुदेवी अंगजात ।
अन्तर्यामी रे स्वामी माहरा तीन भुवन का भी तात ॥ वं०
मोहनगारा रे प्यारा आपजी बसिया मुझ चित्त मांय ।
और न चाहूँजी ध्याऊं आपको, निशदिन ध्यान लगाय ॥ वं०
तुम बिन तारक जग में को नहीं जो आऊँ तिण पास ।
कल्पतरूजी रे बाउल वृक्ष से किम पहुँचे मन आस ॥ वं०
जिन गुण धारी रे धारी कर्म ने लीधा सुख अनंत ।
आप शुद्धातम परमातम विभु, भव भंजन भगवन्त ॥ वं०
तस भट शिवसुख प्रभु मुझ दीजिये, तो मुझ वांछित थाय ।
ज्यों हस्तिना रे भोजन कण से, कीड़ी उदर भराय ॥ वं०
महिमा सागर करुणा रस भर्या दया करो जिनदेव ।
अमीरिख अर्ज है मन में धारी, दीजे अविचल सेव ॥ वं०

२. अजितनाथजी का स्तवन ।

पीक की देशी ।

अजित जिनेश्वर जगपति, समरूं नित निर्मल मति ।
तिन भवन महिमा अति, वालेश्वर मुझ चढ़ती रति ॥
प्रभु हित करना शिवदायक नायक परम कृपाल छो ।
भ्रम तम हरना, दुर्गति वारक तारक दीन दयाल छो ॥१॥
जिनराज अनंत गुण का दरिया, मुझ आतम में अवगुण भरिया ।
तुम कर्म कपट दूरे करिया, मुझ कर्म अरि आड़ा फिरिया ।प्र०
प्रभु राग दशा से तुम न्यारा, मैं राग भाव उर में धारा ।
तुम द्वेष रहित निर्मल प्यारा, मन मेला द्वेष करी म्हारा ।प्र०
प्रभु कलंक रहित जिन गुण लीनो हुं कलंक सहित परगुण भीनो ।
तुम भाव निराशी पद चीनो, मुझ आशा चित्त लुब्ध कीनो ।प्र०
तुम जन्म मरण अरति वामी, मैं भव भ्रमणा विपदा पामी ।
प्रभु निश्चल चल मै स्वामी, मैं कामाक्लित तुम निष्कामी ।प्र०
तुम गुण से मै प्रतिकुल पाया, तुम ज्ञान महिं सब दर्शाया ।
प्रभु तारक जान शरन आया, सब अवगुण माफ करो राया ।प्र०
जितशत्रु विजयासुत रसिया, सब कर्म विगत मल वो घसियो ।
कहे अमी ऋषि शिवसुख तसिया, प्रभु रोम २ मुझ मन वसिया ।प्र०

---

३. श्री संभवनाथ प्रभु का स्तवन ।

पौष दसों हि दिन आनन्दकारी ॥ ए देशी ॥

संभव जिनवर अति सुखदाई, रोम रोम वसिया चित्त मांई ।टेर
अन्य कु देव सेवं नहीं चाहूं, तारन तरन मिले मुझताई ।
निशदिन ध्यान निरंतर ध्याना, अरति विपद सकल टलजाई ।सं०

मेघ मयूर अरु चन्द्र चकोरा चकवी भान ध्यान मन लाई ।
हंस सरोवर भ्रमर मालती, पिक इक मजरी चित्त धराई ।सं
दीप पतंग गंग सफरी जिम हस्ति कजलीवन जिम भाई ।
मदबूत चित्त शिशु जननी ज्यों, सती भर्तार प्यार अधिकाई ।सं
पनिहारी जिम कुंभ न भूले, योगी समाधि लगाई ।
तिम वाल्लेश्वर नाम तुम्हारो अहोनिश चित्त रहो मुझ थाई ।सं
जो शुभ नजर दयाल आपकी, और लगी परवा मुझ नाहीं ।
कल्पतरु निज आंगन फलियो, तो कहो आक सेवे कौन जाई ।सं
दास अर्ज पर नजर कीजिये तो मैं सेवा सफल मरपाई ।
करुणा सागर शरन मह्यो की, देव दया कर दीजे निमाई ।
राय जितारथ सेन्यारायी नंदन नंदन हो जो सदाई ।
दास समीरिक अर्ज करत है महिर करी मुझ होओ सहाई ।

---

४ श्री अभिनन्दन प्रभु का स्तवन ।

सोवन सिंहासन रेसी ॥ यह देशी ॥

श्री अभिनंदन साहिबा त्रिपद निकदन देवजी ।
त्रिभुवन जन मन रंजना भंजन भय भयदेवजी ॥श्री अभि
सब गमे सूपों मिले पावे नहीं मुझ मनजी ।
मिलिया प्रभु मन भावता सफल मानूँ धन्य दिनजी ॥श्री०
महेर करो महाराजजी, मुझको करो निज दासजी ।
निशदिन मुझ मन आपकी लागी निरंतर आशजी ॥श्री०
मेह मजर नर निरखता मानूँ चढी मुझे रिद्धिजी ।
भाव धरी तुम सेवतां, होवे मनोरथ सिद्धिजी ॥श्री०
चित्त लग्यो आप नामसुं चुबक लोह समानजी ।
आश्रित थई तुम पद तणो, भाव सहित धरूँ ध्यानजी ॥श्री

दीनदयाल दया करी, दीजिये वंछित दानजी।
तारिये भव सागर थकी, भय भंजन भगवानजी ।श्री०॥६
संवर नृप कुल शोभना, सिद्धार्था मात नंदजी।
अमीरिख द्विकर जोड़ के, वंदन पद अरविन्दजी ॥श्री०॥७

५. श्री सुमतिनाथजी का स्तवन।

पिय पखियां ॥ यह देशी ॥

सुण जगनायकजी सुमति जिनेन्द्र कृपाल जो।
सुमति दायक नायक, कुमति निकन्दनार लो॥ सुण० ॥
करुणा रस भंडारजो,
भव जल तारक वारक भय जग द्वंद नारे लो ॥ सुण० ॥१
अविचल तुम सनेहजी,
देव सदोषी और नहीं मुझ मन गमेरे लो॥ सुण० ॥
चाहत हंस समुद्र जो,
जैसे चंद्र चकार और दित नहीं जमेरे लो॥ सुण० ॥२
ध्यान धरूं निश दिन जो,
सेवक ऊपर करुणा क्यों नहीं आणतारे लो ॥ सुण० ॥
भूल होये मुझ मांय जो,
कृपा करी दरशाओ तुम सब जानतारे लो ॥ सुण० ॥३
मैं बालक अनजान जो,
विना तात शिखवे कौन कुल की रीतनेरे लो ॥ सुण० ॥
दया धरी दिल मांय जो,
समझाओ तप संयम गुण समकितनेरे लो ॥ सुण० ॥४
निपट निरागी देव जो,
बालेश्वर गुण गाते मन रीझे नहींरे लो ॥ सुण० ॥

तत्त्वा तत्त्व सुवोध से, जाने पंथ कुपथ लालरे ।
सूखे कादव पापनो, होवे भव दु:ख अन्त लालरे ॥ प० ॥६
श्रीधर नृप कुल दीपता, सुसमा राणी नन्द लाल रे ।
कहत अमीऋषि ध्यावता, टाले भव दुःख फन्द लालरे ॥प०॥७

७. श्री सुपार्श्वनाथजी का स्तवन ।

मन हरणी प्रेमला पाणी ॥ यह देशी ॥

देव सुपास सेव सुखकारी, चाहत है चित्त मेरा ।
मन वच काय अनुदिन स्वामी, मै चरन का चेरा;
सुण जिनवरजी, सेवक करे इम अरजी ॥ सुण० ॥ १
तू हीज आतमराम सलूना, समरूँ नाही अनेरा ।
जब मुझको शुभ नजरे निहारो, वह दिन होय भलेरा ॥ सु०
भला बुरा अवगुन से भरिया, तो भी दास तुम्हारा ।
जग तारक प्रभुजी मुझ मिलिया, फलिया वंछित सारा ॥सु०
वार वार बलिहारी तिहारी, दर्शन दो जिनराय ।
तुम सम और नहीं जग मांही, तो कहां जाचूँ जाय ॥ सु०
प्रभुता धारी नाथ निरंजन, मुझ सेवा चित्त दीजे ।
दान तणो अवसर पाकर के, ढील हवे किम कीजे ॥ सु०
काल अनंतानंत भटकता, अब मैं अवसर पायो ।
अधम उद्धारक तारक जानी, तुम शरने चल आयो ॥ सु०
प्रतिष्ठसेन नरेश्वर नन्दन, प्रथवी सुत सुखदाई ।
अमीरिख अरदास सुनकर, होजो नाथ सहाई ॥ सु०

८. श्री चन्द्रप्रभुजी का स्तवन ।

आठ कूवा नव बावड़ी पनिहारी रे ॥ यह देशी ॥

कर जोड़ी अरजी करूँ शिववासीजी अभिरामीजी ।
निशदिन ध्यान लगाय, साहिबजी पतित पावन तुम नाम है । शि०
अरज सुणो महाराय । साहिबजी० ॥१॥
चन्द्रपुरी पति आप हो । शि० । चरणे लक्षण चन्द ॥सा०।
चन्द्र वर्णे महागुण भर्यो । शि० । निर्मल रूप अमन्द ॥सा०॥२
आनन शारद चन्द सो । शि० । चन्द्र ज्यूं शीतल वेण ॥सा०।
भव दावानल उपशमे । शि० । पावे शिव सुख चेन ॥सा०॥३
लगा चित्त एक आपसे । शि० । औरन चाहूँ चित्त ॥सा०।
अवर देव जग में घणा । शि० । नहीं मुझ मन प्रतीत । सा०॥४
मत विसारो दास मैं । शि० । राखो चरण हजूर ॥सा०।
उत्तम की यही रीत है । शि० । मेटो कर्म अंकूर ॥सा०॥५
तुम समरथ भव भयहर । शि० । दायक सुगत निवास ॥सा०।
मित्र सम वंछित आपवा । शि० । समर्थ आप सुजाण ॥सा०॥६
महासेन कुल शेखरा । शि० । लखमा अंगज देव ॥सा०।
अमीऋषि इम विनवे । शि० । चाहूँ भव भव सेव ॥सा०॥७

---

९. श्री सुविधिनाथजी का स्तवन ।

कपूर हुवे अति ऊजलो ॥ यह देशी ॥

सुविधि जिनेश्वर वंदिये जी भविक सुख दातार ।
नाम दिवाकर सोहतोजी संशय तम हरतार,
सोभागी साहिब परम पवित्र ॥१॥

सुरतरु सम प्रभु पामियोजी, और न आवे दाय।
गंगा तज छीलर तणोजी, कुण जल पीवा जाय। सोभागी०।२
अलख निरंजन साहिबाजी, भय भंजन जग देव।
सुन नर मुनिवर भावसुंजी, सेव करे नित्यमेव॥ सो०॥३
अष्ट कर्म दल जीतनेजी, लीनो अविचल वास।
पूरण पुन्ये पामियोजी, सफल भयी मुझ आशा॥ सो०॥४
कजली वन रेवानदीजी, गज राखे मन मांय।
तिम तुम गुण नित चित्त वसेजी, क्षण भर नहीं विसराय॥सो०
अपनायत जानी करीजी, करिये नाहीं निराश।
मै मन इम निश्चय कियोजी, भव भव तुमरो दास॥ सो०॥६
सुग्रीव भूपत कुल दीपोजी, रामा अंगज सार।
नित्य अमीरिख भावसुंजी, प्रणमे वार हजार॥ सो०॥७

---

१०. श्री शीतलनाथजी का स्तवन।

आओ हरि रास रमो व्हाला॥ गरबा की देशी॥

शीतल जिनराज भजो भाई. मिले मन वंछित अधिकाई हो।टेर
चौरासी लक्ष भ्रमत आयी, करी सुकृत नर भव पायो।
तिरन को दाव भलो आयो हो॥ शी०॥१॥
भ्रम वश आतम गुण खोया, कुगुरु कुदेव घणा जोया।
धर्म हिंसा में मन मोया हो॥ शी०॥२॥
कृपा गुरुदेव तणी पाई, पिछान्या तारण तुम तांई।
भेद निज आतम दरशाई हो॥ शी०॥३॥
अर्ज निज सेवक की मानो, दयाकर महिर हिये आनो।

कृपाकर तारो जग देवा, चाहुं चरम शरम सेवा ।
दीजे मुझको अविचल सेवा हो ॥ श्री० ॥५॥
प्रभु सुख सम्पद के दाता, लहे आनन्द मंगल ख्याता ।
नाम से वर्ते सुख शाता हो ॥ श्री० ॥६॥
भूप दृढ़रथ नन्दा नन्दा नाथ तुम शीतल जिम चन्दा ।
अमीरिख भय भव तुम फंदा हो ॥ श्री० ॥७॥

——

११ श्री श्रेयांसनाथजी का स्तवन ।

श्री आदीश्वर स्वामी हो प्रणमूं शिरनामी तुम भणी । यह देशी ।

श्री श्रेयांस जिनन्दा हो सुखकन्दा साहिब सेवतां कांइ,
पावे वंछित माल ।
जाप जपूं शुद्ध माले हो चाहूं नित सेवा आपरी कांइ
दीजे दीन दयाल ॥ श्री० ॥१॥
दरशन मुझको दीजो हो, अपनो कर लीजो दास मैं
जिम सीझे सुख काज ।
शिव सुख दायक स्वामी हो मैं पाया पूरन पुण्य सुं कांइ
मन मोहन महाराज ॥ श्री० ॥२॥
बार बार गुण गाऊँ हो हरखाऊँ मन वच काय सुं कांइ
सुनी तुम आगम वेण ।
धन्य २ अन्तरजामी हो, समरूँ शिरनामी आपने कांइ
सांचा श्री जिनसेण ॥ श्री० ॥३॥
मैं चरना को चाकर हो तुम ठाकुर जगत शिरोमनी कांइ
म्हारो गरीब निवाज ।
सेवक शरण आया हो निभाज्यो नाथ दयाकरी कांइ,
बांह ग्रहे की लाज ॥ श्री० ॥४॥

प्रभु तुम उपकारी हो, वलिहारी म्हारी नाथजी कांइ,
अरज एक अवधार ।
भमियो मैं भव मांहि हो, दुःखदायी कर्म पसाय सुं कांइ,
अब मुझ पार उतार ॥ श्री० ॥५॥
समता रस के सागर हो, चित्त धरिया साहिब भावसु कांइ,
जाचूं नहीं अब ओर ।
भव भव सेवा चाहूं हो, नित्य ध्याऊं चण २ चित्तसुं कांइ,
जैसे चन्द चकोर ॥ श्री० ॥६॥
विष्णु तात सोभागी हो, अनुरागी विष्णु मात के कांइ,
मन मोहन गुणवंत ।
अमीऋषि को तारो हो, अवधारो अर्ज दया धरी कांइ,
भय भंजन भगवन्त ॥ श्री० ॥७॥

---

१२. श्री वासुपूज्यजी का स्तवन ।

अजनाजी के रास की देशी ।

वासुपूज्य स्वामीसुं विनती, तारन तिरन प्रभु करुणा भंडार तो ।
अर्ज अवधार वालेश्वरु, दो अविचल सुख कर्म निवार तो ।वा०
मोह विकल भव में भम्यो, लच्च चौरासी में वार अनन्त तो ।
दुःख अनन्त मैं पामियो, कृपा करी हवे करो भव अन्त तो ।वा०
मैं अपराधी अवगुण भरा, तुम प्रभु समरथ गरीब निवाज तो ।
पतित पावन मन भावता, शरन ग्रहे की रखिये लाज तो ।वा०
प्रभु मुझ निपट निरागिया, तो भी मुझे तुम सु अनुराग तो।
शरण छोड़ूं नहीं तुम तणो जब लग नहीं होवे भव दुःख त्याग तो।वा
कुगुरु कुदेव कुधर्म को, सेविया मन धरी हर्ष अपार तो ।
शुद्ध मारग नहीं धारियो, मिथ्या वशे गयो निज गुण हार तो ।वा०

सार करो प्रभु हम तणो जिनग तारक देव दयाल हो।
मेह निश्चल प्रभु तुम थकी, चाकर ज्ञान करते प्रतिपाल होगया॰
मात जथा बस्तु भूप के सम्मल तुम प्रभु प्राण आधार हो।
५२ अमीरिख भावर्सु, भविर करी भव पार उतार हो ॥मा॰

११ श्री विमलनाथ प्रभु का स्तवन।

कुन्थु जिनराज तू एसा ॥ यह देशी ॥

विमल जिनराज उपकारी तुम्हारा नाम हितकारी।
कृपा करी तारिये मुझको शरण कर कहत हूं तुमको ॥ वि॰
ससूमा देव तुम प्यारा दिलों से होत नहीं न्यारा।
तू ही सर्वज्ञ है मेरा धरूँ मैं ध्यान नित्य तेरा ॥ वि॰
सरागी देव सब त्यागा स्नेह तुम चरन से लागा।
शरण तुम १महेर अब कीजे मुझे अपना समझ लीजे ॥वि॰
करम ने आ मुझे घेरा, चौरासी लख में फेरा।
मेरे गुरुदेव बतलाया सुमत दिल बहुत मलराया ॥ वि॰
लिया तुम ध्यान का शरना मिटा दो जन्म और मरना।
आठ निज दास की पूरो फिर तुम्ह कह २वृथा कूरो ॥ वि॰
ततुज श्यामा तणा स्वामी राय कृतवर्म सुत नामी।
कर्म रिपु दूर सब कीना अचल शिव महेल तुम लीना ॥ वि॰
दया कर दर्श मोय देना शरम दुःखियों की रख लेना।
अमीरिख नाथ गुण गावे, महेर जिनराज की चहावे ॥ वि॰

---

१ कृपा, २ समूह।

१४. श्री अनंतनाथजी का स्तवन ।

सुनो चन्दाजी, श्री मधिर परमातम पासे जायजो ॥ यह देशी ॥

प्रभु अनत जिनन्द, अनंत आतमगुण धारक तारक आप हो । टेक
तुम वाह्य अभ्यंतर गुण भरिया प्रभु आतम अनुभव रस दरिया ।
सब कर्म रिपु दूरे करिया ॥ प्रभु० ॥१॥
प्रभु कामधेनु अरु चिन्तामणी, जिन महिमा जग मांही घणी ।
कौन समरथ गुण कथवा भणी ॥प्र०॥२॥
यह सेवक माहरो इम जाणी, प्रभु दया भाव मुझ पर आणी ।
भव सागर पार करो ज्ञानी ॥ प्र० ॥३॥
प्रभु अखूट खजानो तुम घरे, तिणथी मुझ मन आशा करे ।
तुम दान थकी भव भय हरे ॥ प्र० ॥४॥
प्रभु निज गुण संपद मुझ दीजे, अब सेवक अपनो कर लीजे ।
मुझ पतीत को पावन कीजे ॥ प्र० ॥५॥
तुम सेवा मुझ को प्यारी है, यह भव परभव सुखकारी है ।
तुम नाम तणी बलिहारी है ॥ प्र० ॥६॥
नृपसिंह सेन सुजसा नंदा, सब टालो कर्म भर्म फन्दा ।
'अमी ऋषि' तुम्हारा है बन्दा ॥ प्र० ॥७॥

---

१५. श्री धर्मनाथजी का स्तवन ।

सुरत चरना में ॥ यह देशी ॥

श्री धर्म जिनन्द दयाला, जग तारक परम कृपाला ।
नित्य जपूं तुम्हारी माला हो, जिनन्द गुणधारी ।
जिनन्द गुणधारी, परम उपकारी, चरन बलिहारी हो ॥जि०॥

पुतली देख मुऊ सोमामा, विषय लहर उपजाया ।
अवसर देख कर हक उचार्यो, दुर्गंध से घबराया ॥ मा० ॥
मोह निवारण आतम तारण, श्रीमुख यों फरमाया ।
अति दुःखदायक अशुचि अपावन, यह उदारिक काया ॥
नाथ ऐसे भूपति को समझाया, तुम अपना दूख बचाया ।मा ं
फल किंपाक विषय रस मांही, मूरख भ्रम ललचाया ।
निज गुण हार करम संचय कर दुर्गत वास बसाया ।मा ये
काम आदि उपदेश मंत्र से श्री जिन जहर मिटाया ।
कहत अमीरिख सयम साधी शिवपुर मांही सिधाया ।मा ये

---

२० श्री मुनिसुव्रतजी का स्तवन ।

मन्मथ बोल माने हो ॥ यह दशी ॥

श्री मुनि सुव्रतदेवजी साचा उपकारीजी ।
सेवक कर जोड़ी कहे सुणो अरज हमारी हो के ॥
साहिब पार उतारो हो ॥१॥
नरक निगोद में मैं भम्या, पायो दुःख भारी हो ।
तारण समरथ जाण के आयो शरण तुम्हारी हो के ॥सा०॥२
तुम बिन दाता को नहीं तो कहो कहां जाऊं हो ।
सगम निरंतर आपसुं मन वच तन ध्याऊं हो के ॥सा०॥३
जब तक आवागमन की भ्रमणा न मिटावो हो ।
तब तक पद छोड़ूं नहीं तुमसे यही दावो हो के ॥सा०॥४
पुद्गलीक सुख संपदा तुमसे नहीं चाहूं हो ।
कर्मरिपु वश मातरी सिद्धि संपद पाऊं हो के ॥सा०॥५

सुमति नृपति तुम तातजी, पद्मावती माता हो।
अविनाशी मुक्ति पति, पाया अविचल शाता हो के ॥सा०॥६
महेर करी मुझे आपका, दीजे महेल बताई हो।
कहत 'अमीरिख' नाथजी, तो मैं सब भरपाई हो ॥सा०॥७

२१. श्री नमिनाथजी का स्तवन।

रे जीवा जैन धर्म कीजिये ॥ यह देशी ॥

श्री नेमिनाथ जिनन्द को, नित ध्यान धरीजे।
अजपा जाप प्रकाश के, मन निर्मल कीजे ॥ श्री नेमि० ॥१॥
श्री कर्म हणी शिवपुर धणी, लिया सुख अनन्ता।
अष्ट गुणात्म प्रकटिया, किया सब दुःख अन्ता॥ श्री नेमि०॥२॥
श्री मुख शारद वर्णवे, गुण कीर्ति तुम्हारी।
सागर कोटी अनंत में, नहीं पावत पारी ॥ श्री नेमि० ॥३॥
अल्पमति अति माहरी, तुम गुण किम कहिये।
तो भी अरज विना किये, प्रभुजी किम रहिये ॥श्री नेमि०॥४॥
समरथ जाणी आपसे, निज वितक बोलूँ।
पहवो कोई दूजो नहीं, जिन से मन खोलूँ ॥ श्री नेमि० ॥५॥
इह जग मांही देखता, तुम सम नहीं दाता।
दीन नहीं मुझ सारिखो, सुनजो जगत्राता॥ श्री नेमि० ॥६॥
विजयसेन नृपनन्द के, विप्रा सुत प्यारा।
वन्दे 'अमीरिख' भाव से, करिये भव पारा ॥ श्री नेमि० ॥७॥

१७ श्री कुंथुनाथजी का स्तवन ।

भवि जिन बाल ब्रह्मचारी ॥ यह देशी ॥

कुंथु जिन बहु सुखदाई, २

दीन दयाल कृपाल जगत में महिमा अधिकाई ॥ टेक ॥
विषय कषाय मोह मम ग्रसियो भमियो भव मांई ।
मूढी मिथ्या धरम करम से विपदा बहु पाई ॥कुं०॥१॥
कुगुरु कुदेव सेव अति कीनी हिंसा मन लाई ।
शुद्ध मार्ग को छोड़ जीव, बसियो दुर्गति जाई ॥कुं०॥२॥
पुन्य पसाये आय नरभव में भेट्या गुरुराई ।
कृपा करी जगदीश सेव अब दीनी सुख दाई ॥कुं०॥३॥
अक्षय सुखधारी उपकारी दोष रति नांई ।
धन्य धन्य महिमा धन्य धन्य, प्रतिपालक जग सांई ॥कुं०॥४॥
प्रभु तुम त्यागी समकित दाभी शोभा अधिकाई ।
इन्द्र देव नर सेव करत है तन मन हरखाई ॥कुं०॥५॥
नहीं कोई तारक तुम जैसो इम निश्चय आई ।
चरण शरण जिनराज आपको लीनो हरषाई ॥कुं०॥६॥
सूर नृपति श्री देवी अंगज, सेवा मम मांई ।
कहत 'अमीरिख' नाथ निरंजन बसिया चित मांई ॥कुं०॥७॥

---

१८. श्री अरहनाथजी का स्तवन ।

मानव भवय २ रतन अब पायो रे ॥ यह देशी ॥

मारे मंद् २ अरह जिनन्दार भेटो भव दुःख फंदा ॥ टेक ॥
अलि नलिनी जिम चन्द्र चकोरा जिम चातक है मोरा रे ।
तिम तुम संग ध्यान लगी तन मन माय प्रभु परम सुजान ॥मा०

पुन्य उदय तुमसे लय लागी, भली भाग्य दिशा मुझ जागीरे ।
तुम नाम न छोड़ूँ, इत उत किम दोड़ूँ, तुम पद चित्त जोड़ूँ ।भा०
तुमसे देव निरतर आशा, प्रभु विसरूँ नहीं एक श्वासा रे ।
तुमसुं अनुरागा, जब से मुझ लागा, तब से भय भागा ।भा०
मैं रागी तुम निपट निरागी, और देव दिया सब त्यागी रे ।
हित नजर निहारो, मुझको प्रतिपालो, दुर्गति भय टालो ।भा०
छेह न दीजे सार करीजे, प्रभु आश निराश न कीजे रे ।
प्रभु समरथ जाणी, मुझ प्रीत बंधाणी तारो हित आणी ।भा०
जनम मरण विपदा सब चूरो, मुझे राखो चरण हजूरो रे ।
यही अरज हमारी सुणजो उपकारी, ग्रही शरन तुम्हारी ।भा०
पिता सुदर्शन देवी माता, प्रभु भविजन चित्त सुहाता रे ।
नहीं कोई तुम तोले, अमीरिख इम बोले, प्रभु मै तुम खोले रे ।भा०

---

१६. श्री मल्लिनाथजी का स्तवन ।

नाथ कैसे गज को बन्ध छुडायो ॥ यह देशी ॥

नाथ कैसे भूपति को समझाया,
प्रभु यही अचरज मुझ आया ॥ नाथ० ॥ टेर ॥
मिथिला नगरी कुम्भ नरेशर, प्रभावती उर आया ।
पूर्व भवे तप कपट प्रभावे, प्रथम वेद तुम पाया ॥ ना० ॥१॥
पूरब मोह विचार छऊ नृप, व्याहन अर्थ उमाया ।
नृप समझावन कारण स्वामी, मोहन गेह रचाया ॥ ना० ॥२॥
पुतली एक ठवी निज रूपे, ऊपर ढंक रखाया ।
भोजन सरस भरी दिन अन्तर, छऊ राजा बुलवाया ॥ना०॥ ॥

प्रभु मुझ मन मांहि वसिया सब पाप तिमिर दल नसिया ।
मुझ पूरब पुन्य उलसिया ॥ जि० ॥२॥
इस दुःखमी पंचम आरे शुभ धर्म तणो आधारे ।
करणी कर आतम तारे हो ॥ जि० ॥३॥
प्रभु तन मन मांय हमारो तुम नाम लगे मुझ प्यारो ।
मैं भव भव दास तुम्हारो हो ॥जि०॥४॥
अब लागी मुझ मन आशा प्रभु दीजे मुझे दिलासा ।
कर महेर हरो भव पाशा हो ॥जि०॥५॥
तुम चरन कमल चित लाग्यो मुझ कर्म रिपु भय भाग्यो ।
प्रभु भाग्य भलो अब जाग्यो हो ॥जि०॥६॥
भानु कुल कनक नगीनो सुव्रता नन्द गुण मीनो ।
तुम शरण अमीरिख लीनो हो ॥जि०॥७॥

——×——

१६ श्री शान्तिनाथजी का स्तवन ।

सुन चेतन रे तू गुणवंत मुनि को सेवो । यह देशी ।

सुन चेतन रे तू शांति जिनन्द सुमर ले,
प्रभु करुणा सागर देव सेव चित धर ले ॥टेक॥
प्रभु पूरब भव में शरण कबूतर राखयो,
अति उलट भाव से जीव दया रस चाखयो ।
वहां बंधा तीर्थंकर गोत्र सार्थ सिद्ध जावे
वहां से चवि साहिब शांति प्रभु पद पावे ॥ सुन० ॥१॥
नृप विश्वसेन अचिरा माता घर आया
प्रभु गर्भवास रही मृगी रोग मिटाया ।

निज देश प्रदेश शांति सकल वरताई,
तिण कारण शांति नाम दियो हरखाई ॥ सुन० ॥२॥
प्रभु छह खंड संपद छोड़ मुनिपद धार्यो,
ले केवल लोकालोक स्वरूप निहार्यो ।
कयी तारे भवियण वृन्द मुक्ति पहुँचाया,
वसु ८ कर्म तोड़कर सिद्ध भये महाराया ॥ सुन० ॥३॥
प्रभु नाम थकी सब संकट दूर पलावे,
भय रोग शोक ठग चोर निकट नहीं आवे ।
वली डाकिन शाकिन व्यंतर जोर न लागे,
नित जो ध्यावे शुद्ध भाव विपद सब भागे ॥ सुन० ॥४॥
रिद्धि सिद्धि सम्पद भरपूर सदा आनन्दा,
मन वांछित आशा पूरण करे जिनन्दा ।
अरि दुर्जन वैरी आय नमें नित्य पाया,
यश महिमा जग में योग मिले मन चाया ॥ सुन० ॥५॥
प्रभु तुम सम दूजो देव नहीं जग मांई,
मन मोहन दीन दयाल मिल्या प्रभु तांई ।
प्रभु अधमोद्धारक विरुद तुम्हारो स्वामी,
तुम तारण तरण जहाज नमूँ शिरनामी ॥ सुन० ॥६॥
प्रभु ध्यान तुम्हारो प्राण थकी मुझ प्यारो,
क्षण भर नहीं भूलूँ नाम जिनन्द तुम्हारो ।
कहे 'अमी ऋषि' मुझ शीघ्र सहाय करीजे,
निज सेवक समझी चरन सेव मुझ दीजे ॥ सुन० ॥७॥

२२. श्री अरिष्टनेम प्रभुजी का स्तवन।

तर्जे मैं तम कुगुरु का जो फलक क्याती परी है । यह देशी ॥

साथ सहित समरो जिनवर को नेमनाथ उपकारी है। टेर॥
समुद्र विजय शिवादेवीजी के अङ्गज यादव कुल अवतारी है।
उग्रसेन घर ब्याहन चाले, कीनी जान तैयारी है ॥ सा०॥१
पशुओं पै करुणा तुम कीनी तज दी राज दुलारी है।
सहस्र पुरुष संग संयम लीधो चढ़िया गिरनारी है॥सा०॥२
धन्य २ राजुल नेम प्रभुजी दोनों बाल ब्रह्मचारी है।
अष्ट कर्मदल दूर हटाई पहुँचे मोक्ष मोझारी है ॥ सा० ॥३
तुम जग नायक शिव सुख दायक महिमा जग में भारी है।
तुम मनरंजन भय भंय भंजन, कीजे सार हमारी है ॥ सा ॥४
अपने सेवक को तब चाहैं तुम क्यों रहे बिसारी है।
खमो भूल हमारी साहिब अपना बिरद विचारी है ॥ सा०॥५
तुम प्रतिपाल दयाल हमारे हम में अवगुण भारी है।
मुझको पतित जान के तारो इसमें शोभा तुम्हारी है॥सा ॥६
आनंद कन्द जिनन्द आपको वरया शरण उरधारी है।
छिकर जोड़ 'अमीरिख' बंदत पल पल वार हजारी है॥सा०॥७

---

२३ श्री पार्श्वनाथजी का स्तवन।

सीताजी का महीना की देशी (पधारो पीयर म्हारी)

अश्वसेन वामादेवी मात के घर अवतारिया प्रभुवास
पूरे मन आश। जिनेश्वर वंदिये ॥ टेक ॥
नाग नागिन जलता बचालिया
करी मंत्र परमेष्ठी प्रकाश दियो सुखवास ॥जिने०॥

लइ संयम ध्यान धर्यो भलो,
प्रभु निश्चल मन वच काय, उभा वन माँय ॥जिने०॥
तिहाँ तापस कमठ असुर हुओ,
तिणे देख्यो है अवधि लगाय, जाण्या जिनराय ॥जिने०॥२॥
आयो वैर विचारी प्रभु पासे,
रची काली घटा घनघोर, छाई चहुँ ओर ॥जिने०॥
गाजे मेघ ने चमकन दामिनी,
अति शीतल पवन सजोर, चाले तिण ठोर ॥जिने०॥३॥
कुहके सारंग और दादुर घणा,
वर्षे मेह अति तिणवार, अखंडित धार ॥जिने०॥
जल थल सरवर नीर मावे नहीं,
वहे सरिता पूर अपार, आयी तटवार ॥जिने०॥४॥
ढकी देह प्रभुजी की जल थकी,
रहे तो भी अविचल ध्यान, सुमेरु समान ॥जिने०॥
चल्यो आसन तव धरणेन्द्र को,
दे उपयोग अवधि सुज्ञान, देखे भगवान ॥जिने०॥५॥
आयो इन्द्र पद्मावती संग लेई,
लिया शीघ्र ही शीश उठाय, कीनी छत्र छांय ॥जिने०॥
कीनो नाटक अति मन रंग से,
महा मधुर स्वरे गुण गाय, वंदे चित्त चहाय ॥जिने०॥६॥
त्रासी असुर चरण शर्ण आवियो,
कहे धन धन दीन दयाल, खमाऊँ कृपाल ॥जिने०॥
प्रभु कर्म हणी शीव पद लियो,
तिहुँ काल हरो भवजाल, 'अमीरिख' दयाल ॥जिने०॥७॥

२४ श्री वर्धमानजिन का स्तवन।

यह घर आवो गजुल नार के सुगणा रणमतारे लो। यह देशी।

शासन नायक श्री वर्धमान, प्रभु त्रिभुवन धणीरे लो।
सुर नर इन्द्र करे कर जोड़ सेव जिनजी तणीरे लो।
तिरिया कथी भवसागर पार, वचन प्रभु के सुनीरे लो।
मिथ्या तिमिर विनाशक देव, तूही जग दिन मणीरे लो ॥१॥

सेवक अरज करे एक ध्यान सुनो मुझ विनतीरे लो।
तुम हो साहिब परम सुजान, सदा चढ़ती रतीरे लो।
भटक्यो भव में काल अनन्त, सही विपदा अतीरे लो।
अब तो तारो दीन दयाल, नाथ त्रिजगपतिरे लो ॥२॥

आया इन्द्र भूति तुम पास मान मन में धरीरे लो।
इनको दिया है निर्मल ज्ञान प्रभु करुणा करीरे लो।
गौशालक को सुरपद दीध, सिद्धगामी कियोरे लो।
दीनों डंक अहि चण्ड कोष, तो भी उद्धारियोरे लो ॥३॥

सेठ सुदर्शन कीनी सहाय चन्दन बाला सतीरे लो।
अर्जुन अरु गजभरादिक वरी पंचम गतीरे लो।
कपटी कोपी लंपट जुप शरण जिसने लियारे लो।
उन्हें दीना समकित ज्ञान मुगत पहुँचावियारे लो ॥४॥

प्रभु है तारन तिरन जहाज भरोसा ताजरोरे लो।
सोहे बिरुद अधमोद्धार गरीब निवाजयोरे लो।
जग में नहीं कोई तुम सम देव सेव किस की करूँरे लो।
निशदिन मन वच काय ध्यान सदा तुमरो धरूँरे लो ॥५॥

साहिब महिमावंत महन्त सन्त सुगुणा तुम्हेरे लो।
तुमसु लगा अविचल नेह और चित नहीं गमेरे लो।

मिल्यो चिन्तामणी मुझ हाथ, काच को कौन ग्रहेरे लो।
छोड़ी कल्पतरु सुखकार, आक को कौन चहेरे लो ॥६॥
सिद्धारथ कुलनंद जिनन्द, चन्द सम जनप्रियारे लो।
धन धन त्रिशलामात उछंग, ले हुलरावियारे लो।
प्रभु हैं गुणमणी रत्न भंडार, अरज अवधारियेरे लो।
निशदिन वंदे 'अमीरिख' नाथ, मया कर तारियेरे लो ॥७॥

श्री जिन महिमा।

जय पारस देवा, प्रभु जय पारस देवा ॥ आरती की देशी ॥

जय जय जिनराया, प्रभुजी दीन दयाल कृपाल;
प्रभुजी सुरनर मन भाया ॥जय०॥ टेर ॥
धन धन मात पिता कुल नगरी, जहां जिनवर जाया। प्रभु जहां।
छप्पन दिशा कुमारी मिल के, तुमको हुलराया ॥ जय० ॥१॥
चौसठ इन्द्र कियो मिल महोछव, मेरु गिरि लाया। प्रभु मेरु०
स्नान करा माँ समीप मेल्या, शची मंगल गाया ॥जय०॥२॥
भुक्त भोग जग अथिर जानकर, संजम पद ठाया ॥प्रभु सं०॥
परम पवित्र शुकल मन ध्याई, केवल पद पाया ॥जय०॥३॥
तीरथ स्थापी कुमत उथापी, शिवमार्ग दरशाया ॥प्रभु शि०॥
श्री जिन आणधरी शिरप्राणी, निज पद प्रकटाया ॥जय०॥४॥
द्वादश गुणधारी उपकारी, त्रिभुवन सुख दीया ॥ प्रभु त्रि० ॥
दोष विवर्जित शुद्ध निजातम, कर्मदल घीया ॥ जय० ॥५॥
भये अयोगी मुक्त विराज्या, अविचल सुख पाया ॥प्रभु अ०॥
अविनाशी अविकार निरंजन, सिधपुरी राया ॥ जय० ॥६॥
श्री सुखारिखजी यशधारी, उपशम रस पाया ॥ प्रभु उ० ॥
तस पसाये अमीरिख भावे, श्री जिन गुणगाया। जय०॥७॥

कलश ।

हरिगीत छन्द ।

जगदेव श्री चौबीस जिनवर, भजो शुद्ध भावे सुखी ।
सब दुरित भागे कुमति भागे, तिमिर दल जिम दिन मणी ॥१॥

जो भवे भावे सुणे गावे सकल दुःख विपदा टले ।
नित रहे मंगल सुख सम्पद, आश मन वंछित फले ॥२॥

उगणीस बेपन मास आश्विन शुक्ल पक्ष द्वितीया भली ।
गुरुवार हर्ष उल्लास धरी सुखी महिमा निरमली ॥३॥

चवनायरे चउमास रहिया रच्या पद चित्त हित से ।
न्यूनाधिक पद वर्ण आवो, सुधारो तस मीन से ॥४॥

महाराज श्री श्री सुखाऋषिजी, तास पद पंकज वरी ।
कहे 'अमीरिख' माय मुझ को, दीजिये मंगल सिरी ॥५॥

• इति चतुर्विंशति जिन स्तवन सम्पूर्ण •

वीस विहरमान गुण कीर्ति स्तवन।

१. श्री सीमंधर स्वामी स्तवन।

श्री आदीश्वर स्वामी हो प्रणमू शिरनामी तुम भणी। यह देशी।

श्री सीमंधर स्वामी हो, समरूँ शिरनामी भाव से,
काँइ भव जल तारक देव।
क्षेत्र विदेह सुखदाई हो, पुंडरीकणी नगरी राजता कांइ,
सारे सुरनर सेव ॥श्री०॥१
दूर देशावर वसिया हो, प्रभु पर्वत वन आड़ा घणा,
काइ धसमी वाट करूर।
विद्या सुर वल नांही हो, वली लब्धि नहीं नभ गामिनी,
प्रभु आऊँ किम हजूर ॥श्री०॥२
साहिव मुझ मन भायो हो, उमायो दर्शन देखवां कांइ,
जैसे चन्द्र चकोर।
मुझ पर महेर करीजो हो, प्रभु दीजो दर्शन दासने काइ,
मांगूँ नहीं कछु और ॥श्री०॥३
अर्ज हमारी मानो हो, अपनो कर जानो दास को कांइ,
करुणा वन्त कृपाल।
जन्म मरण दुख वारो हो, प्रभु तारो भव सागर थकी,
तुम छो दीन दयाल ॥श्री०॥४
पूर्व पाप कमायो हो, जब आयो दक्षिण भरत में कांइ,
जानो तुम जिनराज।
कांइक पुन्ये पायो हो, प्रभु नाम तुम्हारो नाथजी कांइ,
सुनो गरीब निवाज ॥श्री०॥५

पिता श्रीयांस कहाया हो, कांइ आया माता सत्य की
प्रभु लक्ष्मण के मरतार ।
वृषभ लंछन सुखकारी हो बलिहारी थारी साथजी,
कांइ संवत थारे हजार ॥श्री०॥१

चिंतामणी समजाऊं हो, नहीं नाम तुम्हारो बिसरूं कांइ,
समरूं श्वासोश्वास ।
'अमीरिख' मैं दीजो हो, प्रभु चरण कमल की चाकरी कांइ
सफल करो मुझ आश ॥श्री०॥७

---

९. श्री युगमंधर स्वामी स्तवन ।

मन्वय चात मानो हो ॥ यह देशी ॥

युगमंधर जिन बिनवूं, सुणजो महाराया हो ।
साहिब अनन्त गुण धर्मा मैंने पुन्ये पाया हो ॥
जिनेश्वर महेर करीजे हो ॥ १ ॥

चार अनन्ती ऊपज्यो नरकावासे जाई हो ।
परमाधामी देवता अतित्रास पताई हो ॥ जिने० ॥ २ ॥

जन्म मरण निगोद में किया काल अनादि हो ।
छेदन भेदन तर्जना यति तिर्यंच साधी हो ॥ जिने० ॥ ३ ॥

मनुष्य जात कुल हीण में मिथ्यामत धार्यो हो ।
पाप प्रसंग करी तिहाँ नरभव गुण हार्यो हो ॥ जिने० ॥ ४ ॥

देव अयोगी मैं हुयो देवी सुखि कुरियो हो ।
गरज सरी नहीं माहरी चतुर्गति इम फिरियो हो ॥ जिने० ॥ ५ ॥

सुदृढ़ नृप कुल शेहरा, जननी सुतारा हो।
प्रिय मंगला राणी पति, मन मोहन प्यारा हो ॥ जिने० ॥६॥
गज लंछन धारी प्रभु, अरजी चित्त दीजे हो।
कहत 'अमीरिख' दास को, पावन कर लीजे हो ॥जिने०॥७॥

३. श्री वाहुस्वामो स्तवन।

पियु पखिया राणी गुणावली नार जो ॥ यह देशी ॥

सुन जिनराया, मन भाया महाराज जो।
वाहु जिनेश्वर ध्यान धरूँ नित ताहरोरे लो ॥सुण०॥
गुण गाया किम जाय जो,
अमित अनंत गुणागर साहिव माहरोरे लो ॥सु०॥१॥
कौन गिने घन वूंद जो,
वन तरु पत्र तरग पयोधी कुण गिणेरे लो ॥सु०॥
तोले कुण गिरि इन्दजो,
कर पल्लव कुण पृथिवी माप करी भणेरे लो ॥सु०॥२॥
भुज वल सायर अन्त जो,
चरन हीन अवगाहे किम गिरिवर शिरेरे लो ॥सु०॥
अनंत गुणी भगवंत जो,
अल्पमति किम सेवक गुण मुख उच्चरेरे लो ॥सु०॥३॥
गुणमणी रयण भंडार जो,
दूर देशावर क्षेत्र विदेह प्रभुजी वसोरे लो ॥सु०॥
हुं इस भरत मझार जो,
मिलवो मुशकिल नाथ कहो कीजे किसोरे लो ॥सु०॥४॥
अविचल तुम से नेह जो,
कैसे आऊँ देव नहीं मुझ पांखडी रे लो ॥सु०॥

दर्शन बिन गुण गहे जो,
 दूर थका भी तरस रही मुझ आंखड़ीरे लो ॥सु०॥३॥
विसरूं नहीं एक श्वास जो,
 चरण समीपे राखो माय कृपा करीरे लो ॥सु०॥
पूरो वंछित आश जो
 तब मन मोहन सफल होवे मुझ चाकरीरे लो ॥सु०॥६॥
सुग्रीव विजयानन्द जो
 मोहला कथ महत प्रभु त्रिजगपतिरे लो ॥सु०॥
मृग लंछन सुख कन्द जो,
 कहत अमीरिख' देव सदा चढ़ती रतीरे लो ॥सु०॥७॥

---

४ श्री सुबाहु स्वामी स्तवन ।

आठ टूंका नव वावडी पनिहारी जी ॥ यह देशी ॥

देव सुबाहु दीजिये उपकारीजी अविकारीजी ।
तुम पद पंकज सेव, जिनवरजी । शिवसुख दायक आप हो ।उ
ध्यान धरू नितमेव जिनवरजी० ॥१॥
काल अनन्त दुःख सहियो उप०। तुम बिन मैं महाराज ।जि०
पूरब पुन्ये पामियो, उप०। तारण तिरण जिहाज ॥जि० २॥
मन चाहे मिलवा भणी उप०। दर्शन चाहे नेम ॥जि०॥
श्रवण चाहे सुणवा भणी, उप०। अमृत सम जिनबेन ॥जि०३
महेर करो मुझ ऊपरे उप०। साहिब दीन दयाल ॥जि०॥
सेवक जाणी आपको, उप०। मेटो भव दुःख जाल ॥जि० ४॥
दूर थकी समरूं सदा उप०। हर्ष हुए मुझ मन ॥ जि० ॥
उगियो दिनकर अम्बरे, उप०। विकसे पंकज वन ॥जि० ५॥

निषढ नराधिप तुम पिता, उप०। भूनन्दा अङ्गजात ॥ जि० ॥
किंपुरिषा रानी पती, उप०। कपि लंछन सुविख्यात ॥जि० ६॥
इह भव परभव आपका, उप०। नाम तणो आधार ॥ जि० ॥
'अमीऋषि' कहे नाथजी, उप०। भवजल पार उतार ॥जि०७॥

---

५. श्री सुजातस्वामी स्तवन ।

आज म्हारा वीर जिनन्द ने चरण कमल चित्त धरस्या। यह देशी।

श्री अरिहन्त सुजात प्रभु के, भाव सहित गुण गास्यां ।
दीना नाथ दयाल प्रभु के, चरना शीष नमास्यां राज ॥श्री०१॥
अनंत गुणात्म आतम निर्मल, परमातम लव लास्या ।
शिव सुखदायक त्रिजग नायक, पायक हो रिसास्यां राज ॥श्री०
जिन मुख समवशरण की रचना, निरख हरख सुख पास्यां ।
महेर भयी प्रभुजी तुम आगल, मन की वात सुणास्यां राज ।श्री०
चउगत वारन निज पद धारन, मन तन ध्यान लगास्या ।
तुम पद विमल गुणपामी, फिर किण आगल जास्यां राज ।श्री०
ज्ञानादिक शिव पद हिये धर, निश्चल नेह निभास्यां ।
श्री जिन हुकुम धरी शिर ऊपर, जिम तिम करी मनास्यां राज।श्री०
देव सेन भूपत कुल मंडन, देव सेना सुत ध्यास्यां ।
जयसेना प्रीतम रवि लंछन, चरना शीष नमास्या राज ॥श्री०
एक वार प्रभु दर्शन निरखी, और सकल भरपास्यां ।
'अमीऋषि' नित सेव करीने, भव भय दुःख मिटास्यां राज ।श्री०

—×—

६ श्री स्वयंप्रभु स्वामी स्तवन ।

धूप होवे अति ऊजला रे ॥ यह देशी ॥

स्वयंप्रभु जिन ध्याइएरे साहिब दीन दयाल ।
समकित दायक तुम प्रभुजी नायक परम कृपाल ॥
सुखकारी सेवो श्री जिनराज ॥१॥ टेक ॥
प्रभु पद पंकज भेटवारे तरसे मुझ मन भृङ्ग ।
और देव सब परिहर्या रे, लाग्यो तुम से रंग ॥ सु० ॥ २ ॥
दोष विवर्जित आतमाजी क्षायक गुण सुप्रसिद्ध ।
दर्शन ज्ञान केवल धणीजी अमल अतुल रिद्ध ॥ सु० ॥ ३ ॥
चौतीस अतिशय शोभतारे वाणी गुण पैंतीस ।
चौसठ इन्द्र सेवे सदारे जग तारक जगदीश ॥ सु० ॥ ४ ॥
तुमही आर पंचमे रे तुम समरथ आधार ।
जो ध्यावे शुद्ध भाव से रे पावे भव जल पार ॥ सु० ॥ ५ ॥
मित्र राय सुत सुखकरा रे, सुमङ्गला तुम माँय ।
प्रिय सेना पटरानीजी गिरपति लांछन पाय ॥ सु० ॥ ६ ॥
सामर्थ्ये स्वामी आपको रे शरण लिया सुविचार ।
'अमीऋषि' हम विनवे रे वन्दन वार हजार ॥ सु० ॥ ७ ॥

७ श्री ऋषभानन स्वामी स्तवन ।

मन देख थारी मोहनी ॥ यह देशी ॥

श्री ऋषभानन जिन वन्दना जग नायक हो शिवदायक नाथ ।
सेवा किये शुद्ध भाव से प्रभु टाले हो सब संचित पाप ॥ श्री०
मङ्गल वत्सल मानिला मन मोहन हो करुणा रस पूर ।
सुर नायक सेवा करे कर जोडी हो रहे आप हजूर ॥ श्री०

साहिब नाम प्रभाव से, नित मंगल हो वर्तें सुखसार।
विघ्न रहे सब वेगला, लहे संपद हो नवनिधि भंडार ॥श्री०
धन धन जो श्रवणे सुने, तुम मुख से हो अमृत सम वयण।
गुण गाये चित्त च्हाव से, ले दर्शन हो करे पावन नयण॥श्री०
इस भव आय सकूं नहीं, रहो दूरे हो इस भरत मझार।
क्यों जोर जुलम करता है और पै बंदा।
सुख ऐश मिलेगा तुझे राह रस्ती से ॥ एक० ॥२॥
ये क्रोध मान मद लोभ तेरे घट छाया,
जब पाप उदय आने से जीव घबराया।
क्षण एक नहीं तूने जिनवर गुण को गाया,
सब दौलत दुनिया छोड़ मौत में आया।
तुझे काल पकड़ ले जागा जबरदस्ती से ॥एक ॥३॥
जो भवसागर से पार उतरना चाहो,
शुद्ध धर्म करायो जगत मीत सिखलाओ।
एक चोरी झूठ कामन मन को तज जाओ
यों कहत अमीरिख जीव दया चित लाओ।
मत किसी के दिल को सता जोर दस्ती से ॥एक०॥४॥

श्री देवाधिदेव विज्ञप्ति
पद तिल्लाना।

स्वामी तुम बिन हमारी सुने कौन अरज ॥ टेर ॥
हरि हर ब्रह्मा मिथ्यामति देव धर्मे मानेजी अज्ञान पने।
बीतो है अनन्त काल सारी ना गरज ॥ स्वा० ॥१॥
विषय कषाय मादमद धारे चित्त इन्द्रियन से करी मीत।
करम रिपु को सिर चढ़यो है करज ॥ स्वा० ॥२॥

जनम मरण जरा, व्याधि रोग शोक अति भमायो चतुर्गति ।
जिन वचन सुन अब जान्यो है मरज ॥ स्वा० ॥३॥
ज्ञान दर्शन शुद्ध संजम आतम गुण, चाहत सुमत मन ।
कर्म रिपु को भय दीजिये वरज ॥ स्वा० ॥४॥
अजर अमर अविकार निराकार अज सकल सुधार करत ।
तुम गुण सुन मन आवे अचरज ॥ स्वा० ॥५॥
धन धन दीनानाथ दीन के उद्धार कीन्हें, अविचल सुख दीन्हें ।
अमीरिख चाहे तुम चरणों की रज ॥ स्वा० ॥६॥

प्रभु तुम विन कोई नहीं ।

राग पूर्ववत् ।

प्रभु तुम विन कोई नहीं तारन तिरन ॥ टेर ॥
जनम मरन रोग भयो है जगत वीच, फस्यो राग द्वेष कीच ।
परगुन राच भयो भव में फिरत ॥ प्र० ॥१॥
अथिर जगत धन जोवन स्वप्न स्मम, रह्यो तिण मांहिं रत ।
दुरगत जात नहीं राखत शरन ॥ प्र० ॥२॥
काल विकराल व्याल फौज सज आय, घेरे कोई न सहाय ।
तेरे सज्जन सनेही सव होय विछुरन ॥ प्र० ॥३
तुम हो दयालनाथ सेवक को गहो हाथ, अव क्यों छोड़ूं साथ ।
आरति विपत भव भ्रमन हरन ॥ प्र० ॥४॥
और मिथ्या मति देव जान्या है, असार सव पाय जिनदेव अव ।
और गैर ममै कौन कुगति परन ॥ प्र० ॥५॥
तुमसे अदोषी देव, पुन्य के उदय से पाय जाचुं अवकित जाय ।
अमीरिख भाव धरि गहा है चरन ॥ प्र० ॥६॥

ये मोह जाल का पड़ा तेरे पर फन्दा,
धन कुटुम्ब काज एष रहा करे जग धंधा।
नहीं चले संग कोई होई रहा क्यों अन्धा?
क्यों जोर जुलम करता है और पै बंदा।
सुख ऐश मिलेगा तुझे राह दस्ती से ॥ एक० ॥२॥
ये क्रोध मान मद लोभ तेरे घट छाया,
अब पाप उदय आने से जीव घबराया।
क्षण एक नहीं तूने जिनवर गुण को गाया,
सब दौलत दुनिया छोड़ मौत ने आया।
तुझे काल पकड़ ले जाता जबरदस्ती से ॥एक०॥३
जो भवसागर से पार उतरना चाहो,
शुद्ध धर्म धरायो जगत मीत हितकाओ।
तज चोरी, झूठ कामन धन को तज जाओ
यों कहत अमीरिख जीव दया चित लाओ।
मत किसी के दिल को सता जोर दस्ती से ॥एक०॥४

श्री देवाधिदेव विज्ञप्ति

पद दिल्लाना।

स्वामी तुम बिन हमारी सुने कौन अरज ॥ टेर ॥
हरि हर ब्रह्मा मिथ्यामति देव भये, मानेजी अज्ञान पने।
बीतो है अनन्त काल सारी ना गरज ॥ स्वा० ॥१॥
विषय कषाय मादमद् धारे किस इन्द्रियन से करी प्रीत।
करम रिपु को सिर चढ्यो है करज ॥ स्वा० ॥२॥

जनम मरणं जरा, व्याधि रोग शोक अति भमायो चतुर्गति।
जिन वचन सुन अब जान्यो है मरज ॥ स्वा० ॥३॥
ज्ञान दर्शन शुद्ध संजम आतम गुण, चाहत सुमत मन।
कर्म रिपु को भय दीजिये वरज ॥ स्वा० ॥४॥
अजर अमर अविकार निराकार अज सकल सुधार करत।
तुम गुण सुन मन आवे अचरज ॥ स्वा० ॥५॥
धन धन दीनानाथ दीन के उद्धार कीन्हें, अविचल सुख दीन्हें।
अमीरिख चाहे तुम चरणों की रज ॥ स्वा० ॥६॥

प्रभु तुम विन कोई नहीं।

राग पूर्ववत्।

प्रभु तुम विन कोई नहीं तारन तिरन ॥ टेर ॥
जनम मरन रोग भयो है जगत वीच, फस्यो राग द्वेष कीच।
परगुन राच भयो भव में फिरत ॥ प्र० ॥१॥
अथिर जगत धन जोवन स्वप्न सम, रह्यो तिण माहिं रत।
दुरगत जात नहीं राखत शरन ॥ प्र० ॥२॥
काल विकराल व्याल फौज सज आय, घेरे कोई न सहाय।
तेरे सज्जन सनेही सव होय विछुरन ॥ प्र० ॥३
तुम हो दयालनाथ सेवक को गहो हाथ, अब क्यों छोड़ूं साथ।
आरति विपत भव भ्रमन हरन ॥ प्र० ॥४॥
और मिथ्या मति देव जान्या है, असार सव पाय जिनदेव अव।
और गैर भमै कौन कुगति परन ॥ प्र० ॥५॥
तुमसे अदोषी देव, पुन्य के उदय से पाय जाचुं अवकित जाय।
अमीरिख भाव धरि गहा है चरन ॥ प्र० ॥६॥

श्री गजसुकुमालजी की सज्झाय ।

उत्तम क्षमा पै अचम्भो म्हांमे आवे हो,
किस विध धारी मुनि गजसुकुमाल ॥ टेर ॥
वाणी सुनि श्री नेम प्रभु की छांड दियो सब मोह जंजाल ।
संजम धारी मुनि ममत निवारी भेटे नेम जिनन्द दयाल ॥उ०
आज्ञा लेई महाकाल मसाने, मुनि पड़मा धारी इपाल ।
ध्यानारूढ़ गुरु निज आतम परमातम ध्यावे शुभ माल ॥उ०
सोमल सुसरो आयो चलाई दूरां से मुनि नजर निहार ।
वैर विचार क्रोध भभकाई बांधी सिर माटी की पाल ॥उ०
धकधकता खैराकाठीया मुनि मस्तक पै धर दिया असराल ।
दुष्कर वेदन सही मुनिवरजी ध्याया शुक्ल ध्यान रसाल ॥उ०
करम खपाई केवल पाया, मोक्षपुरी पहोंचे तत्काल ।
कहे अमीरिख धन र गुरुधारी, बलिहारी प्रभु त्रिकाल ॥उ०

काल विषे चेतावनी ।

सखी पनियां भरन कैसे जाय ॥ यह देशी ॥ बनजारा की ॥

मन मान सुगुरु का कहना जिया गफलत में मत रहना ॥टेर॥
है काल महा दुखदाई, चेतन चौथ चौसाईयो ।
पल मांहि करत चेचेना ॥ जिया० ॥१॥
जिमि तीतर पकड़े बाजा हिरना को ज्यों मृगराजाजी ।
त्यों गहे काल की सेना ॥ जिया० ॥२॥
ये सज्जन कुटुम्ब सारा उस रोज होय सब न्याराजी ।
कोई तेरे संग चले ना ॥ जिया० ॥३॥

मन काहे को पाप कमावे, फिर उदय भया पछतावेजी।
देखो खोल हृदय के नैना ॥ जिया० ॥४॥
है सत्य धर्म एक जैना, और झूठ सकल मत केनाजी।
नहीं पाखण्ड में चित्त देना ॥जिया०॥५॥
जिन आज्ञा चित्त में धारो, सब पाप प्रमाद निवारोजी।
लहे अमीरिख सुख चैना ॥ जिया० ॥६॥

उपदेश।

तेरी फूल सी देह पलक में पलटे ॥ यह देशी ॥

संपत देख गरब मत कीजे, एक दिवस तज जाना रे ॥ टेर ॥
इण जग माहि थिर नहीं कोई, कुण राजा-कुण राणा रे ॥सं०
माता पिता नारी सुत बंधव, तिन में नहीं मुरझाना रे।
स्वारथ बिन कोई बात न पूछे, क्यों अपना करि माना रे ॥सं०
देह असार अनित्य अपावन, ज्यों पीपल तरु पाना रे।
विनशत वार लागे नहीं छिन भर, रंग पतंग समाना रे ॥सं०
चक्री चौथो गर्व कियो थो, देह रग विनशानो रे।
रावण राय त्रिखण्ड को नायक, परभव कीन पयाना रे ॥सं०
धर्म पदारथ सार जगत में, मूरख क्यों विसराना रे।
राग द्वेष मांहे राच रह्यो है, बांधत कर्म अपाना रे ॥सं०
विन भुगत्या छूटे नहीं कबहु, कर्म शत्रु दुख हानारे।
बांधत खबर पड़े नहीं प्राणी, उदय भया पछताना रे ॥सं०
पाप करी जोड़े रिध संपत, संग चले नहीं दाना रे।
अमीरिख जिन धर्म अराध्या, पामे पद निरवाना रे ॥सं०

धर्म करन विषे उपदेश ।

कहो सखी श्याम कब घर आसी रे ॥ यह देशी ॥

सदा धर्म कीजिये भव प्राणी रे, जिम होवे भव दुःख हानी टेर
ऐसो धर्म नहीं जग माँहि रे, इहभव परभव सुखदाई रे ।
जिससे जनम मरन मिटजाई ॥ सदा ॥१॥
सब कामो तन धन जाणो रे उपमा सम सुख बखानो रे ।
जिम बाय बादल पहिचानो ॥ सदा० ॥२॥
यह देह अथिर दरसाई रे, यांको गरब करे मत भाई रे ।
ऐसे पल में देह बिलाई ॥ सदा० ॥३॥
सब सज्जन सनेही हुआ मेला रे, जिम हटवाड़ा सम मेला रे ।
जावे निज निज ठाम अकेला ॥ सदा० ॥४॥
जीव हँस हँस कर्म कमावे रे, जब उदय भया पछतावे रे ।
भवउदध माँहि गोता खावे रे । सदा० ॥५॥
मिथ्यामत में मत राचो रे, देव गुरु धर्म शुद्ध जाचो रे ।
येही शिवपुर मारग साचो ॥ सदा० ॥६॥
सब विषय कषाय निवारो रे शुद्ध श्री जिनवाणी धारो रे ।
जिम होवे भव निस्तारो ॥ सदा० ॥७॥
यह धर्म परम सुख दाता रे, अमीरिख कहे भ्राता भ्राता रे ।
जिम पामो अक्षय सुख साता ॥ सदा० ॥८॥

—:o:—

गुरु उपदेश को जलधर की उपमा ।

राग-मल्हार ।

पजी ! हो सुगुरु हिम मेरे क्षुक रही ज्ञान घटा ॥ टेर ॥
समकित पावस प्रकट भये से मिथ्या ग्रीषम हटावे ॥प०
अनुभव बिजुरी चमक रही है, मोह अज्ञान फटावे ॥प०

दादुर मोर पपैया श्रावक, जिन गुण शब्द रटारे ॥ ए०
शीतल भावसुं पवन झकोरे, गुरु मुख गरज घटारे ॥ ए०
परम वैराग मेह वरसत है, संजम फल प्रगटारे ॥ ए०
दया अंकुरा चिहु दिश प्रकटे, धूल प्रमाद दटारे ॥ ए०
सुमति भूमि हरित के आई, कुमत जवाश मिटारे ॥ ए०
कहेन अमीरिख निज घर पाया, भ्रमना दुख कटारे ॥ ए०

आध्यात्मिक पद ।

राग महार ।

चैतन पुद्गल के संग मत राच, तोकुं सतगुरु कह समझाय ।टेर
ज्ञानादिक निज संपदा रे, अखय भरी तुज मांय,
भाव नयन मुद्रित भयारे, जांसुं सुजत नाय ॥ चैतन० ॥१॥
चन्द रवी सम जानिये रे, तेरा तेज अनूप ।
करम रूप बादल करी, ढकी चन्द्रिका धूप । चैतन० ॥२॥
अष्ट कर्म पुद्गल कह्यारे, चैतन इण वश होय ।
चउगत में भमतो फिरेरे, निज गुण संपत खोय ॥ चै० ॥३॥
रमत अजा सङ्ग केशरीरे, निज पराक्रम कुं भूल ।
तिम मद ममता मोह में रे, राचि कियो भव धूल ॥ चै० ॥४॥
आज स्वरूप विचार ले रे, सिद्ध समान प्रताप ।
परकूं निज करि मानतां रे, सुख दुख भुगते आप ॥ चै० ॥५॥
निज प्रतिविम्ब निहार के रे, सिंह पड्यो जिमि कूप ।
भर्म विशे तिम प्रानियो रे, भूलि रह्यो निज रूप ॥ चै० ॥६॥
आपा आप विचार ले रे, परगुण सङ्ग निवार ।
कहेत अमीरिख आतमा रे, तब उतरे भव पार ॥ चै० ॥७॥

श्री नेमनाथजी को हालरियो।

पेतन पेतोरे ॥ यह देशी ॥

गावे हालरियो मां शिवादेवीजी नेमकुंवर मेरे ॥ टेर ॥
समुद्र विजयजी का नन्दलालजी, शिवादेवीरा जायाजी।
अपराजित वैमान से सोरीपुर में आया जी ॥ गा० ॥१॥
आओ मेरे लाल सब अंग पाला माता इण पर बोले रे।
कण्ठ लगावे हरख २, पेसावे बोले रे ॥ गा० ॥२॥
शिर पर तिलक तम्बोल बिराजे माता पुत्र रमावेरे।
हाथे कड़ियां पांव घूंघरिया सब मन भावेरे ॥ गा० ॥३॥
माथे मुकुट काने दोय कुण्डल बांहे पहिरखा सोवेरे।
रतन जड़त का पालना में सब मन मोवेरे ॥ गा० ॥४॥
थोक आंजतो नेमकुंवरजी, परहा २ खिस जावेरे।
माता लावे हाथ पकड़ पुर्यां पड़ जावेरे ॥ गा० ॥५॥
आओ कुंवरजी हार पहिराऊं टोपी रतन जड़ाऊंजी।
रतन जड़त का पालना में, बैठ झुलाऊंजी ॥ गा० ॥६॥
हरख धरी मे शिवादेवीजी प्रभु मुख चन्द्रम निरखेरे।
रमझम २ फिरे महल में हियड़ो हरखेरे ॥ गा० ॥७॥
नवी झुंलावी शिवादेवी जी प्रभुजी के जीमन काजे रे।
खाजा खाड़ सरस जलेबी घेवर ताजेरे ॥ गा० ॥८॥
रतन जड़त का थाल कचोला प्रभुजी ने पुरसावेरे।
मखमल रेशम गादी ऊपर, बैठ जीमावेरे ॥ गा० ॥९॥
सोना का तो चकरी भमरा रेशम डोर फरावेरे।
हरख धरी मे शिवादेवीजी पुत्र खेलावेरे ॥ गा० ॥१०॥
हाथ जोड़ यों कहत अमीरिख जो हालरियो गावेरे।
रोग शोक सब दूरा न्हासे, नवनिध पावेरे ॥ गा० ॥११॥

हितोपदेशी पद ।

मानव जनम २ रतन धन पायोरे सतगुरु समझायो ॥ यह देशी ॥

मत राचे जगत मांहि प्रानी रे, कहे सतगुरु ज्ञानी ॥ टेर ॥
काया माया थिर नहीं रहे भाई, जिन आगम में दरसाई रे ।
तेरे संग न आवे मन क्यूं ललचावे ॥ मत० ॥१॥
न्हाय धोय श्रृङ्गार बनावे, पंचइन्द्रिय विषय सुख चावेरे ।
काया संग राच्यो नहीं, सुकृत जाच्यो ॥ मत० ॥२॥
खाय हसे कौतुक मद आणे, भोला धर्म को नाम न जाणेरे ।
मुनि सङ्ग न करतो, पातिक मन धरतो ॥ मत० ॥३॥
धन २ करता सब कोई ध्यावे, पिण पुन्य विना नहीं पावेरे ।
तृष्णा क्यो बंधावे, यूंही मन भटकावे ॥ मत० ॥४॥
पाप करी रिध संग्रह कीधी, पण संग किणे नहीं लीधीरे ।
गए हाथ पसारी, दुर्गति दुख त्यारी ॥ मत० ॥५॥
रग पतंग बादल की छाया, तन धन का स्वभाव बतायारे ।
छिन में विरलावे, मन थिर मत माने ॥ मत० ॥६॥
तिण कारण समता मन कीजे, संग तप जप सुकृत लीजेरे ।
अमीरिख इम बोले, धारो धर्म अमोल ॥ मत० ॥७॥

सदा करिये धर्म सुखदाई ।

देशी पूर्ववत् ।

सदा करिये धर्म सुखदाई रे, नीको अवसर पाई ॥ टेर ॥
काल अनन्तो भटकत आयो, पुन्य जोगे मनुष्य भव पायोरे ।
दश बोल सवाइ, मिलिया तुझ तांई ॥ सदा० ॥१॥
इण अवसर शिव पन्थ न जांचे, मोह विषयारस में राचेरे ।
जड़ मूरख प्राणी को निज सुख हानी ॥ सदा० ॥२॥

काग उड़ावन विप्र गमारी, दियो रतन चिन्तामणी डारीरे।
मूरख पछितायो, फिर हाथ न आयो ॥ सदा० ॥३॥
च्यार गति में दुंढत पायो, भला मोक्ष द्वार नर आया रे।
सुरपति पिण चावे तू क्यों व्यर्थ गमावे ॥ सदा० ॥४॥
रतन काल समये भव मांई चेते जा इण अवसर मांईरे।
शिवपुर सुख पावे सब दुःख मिट जावे ॥ सदा० ॥५॥
कल्पवृक्ष सम वंछित दाता, गुरां देवे भव भव साताारे।
मन में इम जाणो करो जतन सुजाणी ॥ सदा० ॥६॥
अवसर पाय न चुक सयाणा समझावे गुरु गुणखाणारे।
चमीरिख उपगारी करिये हुसियारी जिम होवे भवपारी ॥स०

अहंपद धारक को हितोपदेश।

बिछ पालरे पगे ॥ यह देशी ॥

मन मानरे कहो फोगट अभिमान में तू भूल क्यों रह्यो ठेर
अपनो निगोद् नरक दुःख में सह्यो
सही सूख मार तिहां मान क्यों रह्यो ॥ मन० ॥१॥
बिकायो बजार कन्द मूल में गयो।
कौड़ी के अनन्त भाग मोल को भयोरे ॥ मन० ॥२॥
सूरी कूपी कुख में अवतार में लियो।
महा अशुचि आहार में लुभाय तू रह्यो रे ॥ मन० ॥३॥
गोबर मल मांहि जावे कीड़ा हुवो।
गर्भावास माय तिहां आहार क्या कियोरे ॥मन० ॥४॥
भूठा तन मांहि राच कर्म संचियो।
धर्म कुं अरेक्ष चित पाप में दियोरे ॥ मन० ॥५॥

धरमी पर द्वेष हेत दृष्टि से कियो।
तिरने को दाव सो प्रमाद में गियो रे ॥ मन० ॥६॥
धारो जिन धर्म वण रस पियो।
अमीरिख कहे होय सफल यों हियो ॥ मन० ॥७॥

मन मान क्यों करे।

राग पूर्ववत्।

मन मान क्यों करे, धरम विना जीव तेरी गरज ना सरे ॥टेर
लक्ष चौरासी मांहि जनम,
जनम करम वशे ऊँच नीच देह तूं धरे रे ॥म०॥१॥
टेढ़ी चाले चाल, वांकी पाग है शिरे,
ताके परनार सदा माल नित चरे रे ॥ म० ॥२॥
कड़ा कंठी पौंची हाथ मूछ पै धरे,
वाके मुख वचन कहे, गरव के भरे रे ॥ म० ॥३॥
हिंसा मुख झूठ माल पारका हरे,
नारी धन, मांहि राच दुर्गति वरेरे ॥ म० ॥४॥
चक्री हरिराय सोही कर्म वश परे,
सही भूख प्यास सो उजाड़ में फिरे रे ॥ म० ॥५॥
संपद रिध छोड़ जाय एकलो अरे,
कंचन सम देह सोहि आग में जरे रे ॥ म० ॥६॥
धारे प्रभु वेण सदा पाप से डरे,
अमीरिख कहत सो संसारसे तिरे रे ॥ म० ॥७॥

जिनवाणी महिमा वर्णन

अरा मान वचन मुझ प्यारी ॥ यह देशी ॥

(नाटक का राग)

तुम सुनजो २ सब नरनारी, ये जिनवाणी हितकारी ॥ टेर ॥
ये अवसर नीको लहि के, गुरुदेव समीप आवे ।
प्रथम सुखदाय सुनो चितलाय, उलट मन धारी ॥ ये जिन० ॥१॥
है नानाविध अधिकार, अरिहन्त प्ररूपित सार ।
देवसुर राय धरे चित चाव, भाव उर धारी ॥ ये० ॥२॥
संशय सबही मिट जाय, कोमामल शीतल थाय ।
हरे भव भीत, करे जग जीत विपति निवारी ॥ ये० ॥३॥
अनुयोग चार विस्तार, नवतत्त्व द्रव्य षट धार ।
शुद्ध श्रद्धा न क्रिया में काम, मधिक सुविचारी ॥ ये० ॥४॥
इस दुखमी पंचम आरे जिन वचन एक आधारे ।
तजे जग फन्द धरी आनन्द, होय अणगारी ॥ ये० ॥५॥
जो नहीं धारे जिनवाणी सो भमे चउगत प्राणी ।
आराधे जेह करे दुख छेह होय भव पारी ॥ ये० ॥६॥
जिन वचन सुणो इम जाणी यों कहत अमीरिख वाणी ।
जिनागम सार, सुगत दातार जोड़ बलिहारी ॥ ये० ॥७॥

उपदेशी ।

म्हारे नेता आओजी मला ॥ राग महाडा ।

चित्त चेतोरे सुजाण तोकुं सद्गुरु देत पीछान ॥ टेर ॥
आयु अथिर चलाचियेरे ज्यूं अंजली जल जाण ।
राजरिद्ध अरु सम्पदारे, दामिनी झलक समान ॥चित०॥१॥

यौवन रग पतगसोरे, काया संध्या वान ।
ओस विन्दु चंचल दल समीरे, चंचल कुंजर कान ॥चि०॥२॥
स्वप्न समान संसार है रे, सरिता पुर उफान ।
थिर मानी लुब्धी रह्यो, मूरख जन अनजान ॥ चि० ॥३॥
जिन पद लाग जाग गफलत से, ज्यूं होवे भव हान ।
कहत अमीरिख धर्मसेरे, पामे पद निरवान ॥ चि० ॥४॥

झूठा संसार ।

राग पूर्ववत् ।

जैसे रग पतंग कोरे, तैसे यह संसार ।
देखत ही नीको लगे, पण जातन लागे वार ॥
चतुर नर झूठो रे ससार जिया करले चित्त विचार ॥ १ ॥
चउगत भटकत पामियो रे, नरभव उत्तम जोय ।
रतन चिन्तामणि पाय केरे, विषीयन संग मत खोय ॥च०॥२
काम भोग को जानियेरे, फल किंपाक समान ।
चाखत ही मधुरा लागेरे, फिर हरत निज प्रान ॥ च० ॥३॥
छिन छिन छीजे आउखोरे, अंजुली नीर समान ।
जावे सो आवे नहीं रे, चेतन चेत अजान ॥ च० ॥४॥
विषय कषाय प्रमाद में रे, राचि रह्यो हरखाय ।
विष की क्यारी वोय के रे, फिर पीछे पछताय ॥ च० ॥५॥
पाप प्रसंग निवारियेरे, जैन धर्म चित्त धार ।
कहत अमीरिख प्राणियोरे, तब उतरे भव पार ॥ च० ॥६॥

जिनवाणी महिमा वर्णन

करा मान बचन मुझ प्यारी ॥ यह देशी ॥

(नाटक का राग)

तुम सुणज्यो २ सहु नरनारी ये जिनवाणी हितकारी ॥ टेर ॥
ये अवसर नीको लहि ने, गुरुदेव समीप जाइने ।
वचन सुणवाय सुणो चित्तलाय, हरख मन धारी ॥ये जिन०॥१
है नानाविध अधिकार अरिहन्त प्ररुपित सार ।
देवसुर राय, धरे चित्त चाव, भाव उर भारी ॥ ये० ॥२॥
संशय सबही मिट जाय कोधानल शीतल थाय ।
हरे भव भीत, करे जग जीत, विपत्ति निवारी ॥ ये० ॥३॥
अनुयोग चार विस्तार नयतत्त्व द्रव्य षट धार ।
ग्रंथ भरया न हिया में माम, भविक सुखिकारी ॥ ये० ॥४॥
इण दुखमी पंचम आरे जिन वचन एक आधारे ।
सभी जग फन्द भरी आनन्द, होय अणगारी ॥ ये० ॥५॥
जो नहीं धारे जिनवाणी, सो भमे चतुगत प्राणी ।
अराधे जेह करे दुख छेह होय भव पारी ॥ ये० ॥६॥
जिन वचन सुणो इम जानी यों कहत अमीरिख वाणी ।
जिनागम सार सुगत दातार, जोऊं बलिहारी ॥ ये० ॥७॥

उपदेशी ।

म्हारे नेता आवोजी भजा ॥ राग महाड़ ।

चित्त चेतोरे सुजान तोकुं सद्गुरु देत नीदान ॥ टेर ॥
आयु अथिर चलामियेरे ज्यूं अञ्जली जल जान ।
राजरिद्ध सब सम्पदारे, दामिनी झलक समान ॥चित०॥१॥

कुँवर जम्बु हरख धर के, आये हैं बाग के मांयजी ।
करी वन्दन भाव सूं, बैठे हैं सनमुख आयजी ॥
देख अवसर सेत सबको, दिया धर्म सुनायजी ।
कुंवर सुन वैरागीया ससार त्यागन चायजी ॥भेला॥

सुनो सुनो हो स्वामी जान्या में, जग जान्यो काचो ।
सुनो २ हो स्वामी आज धरम शुद्ध जाच्यो ॥
सुनो सुनो हो स्वामी ल्यूं संजम पद साचो ॥ दौड़ ॥

आये कुंवरजी मुनि को वन्दन चलाई ।
कर विनय अपनी मात से सब बात सुनाई ॥
संसार है असार गुरु ज्ञान बनाई ।
मुनिराय पास जाय संजम धारुं सवाई ॥खड़ी॥

जब नन्दन मुख से सुनी मात ये बानी ।
मुरछा वश होके सुध सभी भुलानी ॥
हुशियार होय कर कहे नैन भर पानी ।
बहुविध समझाया कुंवर एक नही मानी ॥मिलत॥

त्रिया परन के संजम लीजे सुन के ।
कुंवरजी मौन किया ॥ जम्बुकुंवरजी ॥ १ ॥

मात कहेन से आठ नार को वरी कुंवरजी बिन भावे ।
बहुत धूम से परन के, जम्बुकुंवर निज घर आवे ॥
क्रोड़ निन्यानव आया सोनैया, और वस्तु अधिकी लावें ।
रात महिल में त्रिया से, जम्बु बतायो फरमावे ॥शेर॥

सुनो वनिता ये सकल संसार असार जी ।
कनक कामिनी त्याग हमकूं लेना संजम भारजी ॥
सुनके स्वामी वचन चित्त में भयो सोच अपार जी ।
कहे पति से बात यों नहीं बोलिये अविचारजी ॥ भेला ॥

उपदेशी ।

गजल ।

यक्त तिरने का मिला हमको न खोना चाहिये ॥ टेर ॥
भर्म मिथ्या रात बीती, सुन के श्रीगुरु ज्ञान को।
मोह गफलत में किसी को, अब न सोना चाहिये ॥ व० ॥१॥
मोक्ष फल तुमको जो चाहिये, साफ करले दिल को।
बीज समकित ज्ञान का हिरदे में बोना चाहिये ॥ व० ॥२॥
जिनराज शब्द ज्ञान का दरिया भरा है मौज में।
मार गोता मर्म का दाग मिथ्या धोना चाहिये ॥ व० ॥३॥
करम जो सुख हो कमाया सो सही भाता उदय।
दिल में घबरा के किसी को अब न रोना चाहिये ॥व०॥४॥
रहम दिल रख पर ममा । धारो सदा जिन धर्म को।
अमीरिख अवसर मिला गफलत में खोना चाहिये ॥व०॥५

श्री जम्बु स्वामीजी महाराज की लावणी ।

(पचरंगत में)

चाल—लंगडी ।

स्वामी सुधर्मा सन्त महा गुणवन्त धर्म उपदेश दिया।
जम्बुकुँवरजी त्याग संसार मोक्ष का पंथ लिया ॥ टेर ॥
राजग्रही नगरी के अन्दर, धनवन्त व्यवहारी है।
नाम ऋषभदत्त जिन्हों के जम्बुकुँवर गुणधारी हैं ॥
स्वामी सुधर्मा आय बिचरते उतरे बाग मझारी है।
वन्दन कारण नगर के गये बहुत नरनारी हैं ॥ज़ोर॥

कुँवर जम्बु हरख धर के, आये हैं बाग के मांयजी ।
करी वन्दन भाव सूं, वैठे हैं सनमुख आयजी ॥
देख अवसर सेत सबको, दिया धर्म सुनायजी ।
कुवर सुन वैरागीया ससार त्यागन चायजी ॥झेला॥

सुनो सुनो हो स्वामी जान्या में, जग जान्यो काचो ।
सुनो २ हो स्वामी आज धरम शुद्ध जाच्यो ॥
सुनो सुनो हो स्वामी ल्यूं संजम पद साचो ॥ दौड़ ॥

आये कुंवरजी मुनि को वन्दन चलाई ।
कर विनय अपनी मात से सब बात सुनाई ॥
संसार है असार गुरु ज्ञान बनाई ।
मुनिराय पास जाय संजम धारुं सवाई ॥खड़ी॥

जब नन्दन मुख से सुनी मात ये बानी ।
मुरछा वश होके सुध सभी भुलानी ॥
हुशियार होय कर कहे नैन भर पानी ।
बहुविध समझाया कुंवर एक नही मानी ॥मिहृत॥

त्रिया परन के संजम लीजे सुन के ।
कुंवरजी मौन किया ॥ जम्बुकुंवरजी ॥ १ ॥

मात कहेन से आठ नार को वरी कुंवरजी विन भावे ।
बहुत धूम से परन के, जम्बुकुंवर निज घर आवे ॥
क्रोड़ निन्यानव आया सोनैया, और वस्तु अधिकी लावें ।
रात महिल में त्रिया से, जम्बु वतायो फरमावे ॥शेर॥

सुनो वनिता ये सकल संसार असार जी ।
कनक कामिनी त्याग हमकूं लेना संजम भारजी ॥
सुनके स्वामी वचन चित्त में भयो सोच अपार जी ।
कहे पति से बात यों नहीं बोलिये अविचारजी ॥ झेला ॥

सुनो सुना हो मीतम दिल में बहोत अभिलाषा।
सुनो २ हे मीतम कहा तुम्हा किया मानो॥
सुनो २ हे मीतम बालक बुद्ध मत ठानो॥ शेर।

छोड़ कपट भाव हमसे कान्ध दिल में विचारो।
दीपक समान कुल में धर्पा होय उजियारो॥
सुख छते छोड़ कहलेकी, क्या क्यों धारो।
सुख भोग फिर संयम करी आतम को सुधारो॥ खड़ी॥

रामियाँ का बचन सुण जम्बुकुंवर फरमावे।
यह फल किंपाक समान कहो कुण खावे॥
सुख अल्प दुख बहु सेल बिन्दु दरसावे।
ये विषय विटंबन माँहि मूरख ललचावे॥ मिलत॥

नरक निगोद में बैतन भटक्यो।
काम भोग वश दुख सह्या॥ जम्बुकुंवरजी॥७॥

बचन सुनी मीतम का ऐसे फिर बोली मिलके सारी।
मन में धम धन है भिखारी को, हम सरखी आठों नारी॥
जो तुम हमको छोड़ सिधावो, छार कीत करसी म्हारी।
बालपने में विपु तुम हम सेस्यां संजम भारी॥ शेर॥

कुंवर जम्बु कहे वनिता अपर पलकी भामजी।
तन धन जोवन अथिर है ज्यों बिजली चमकायजी॥
काल है सिर पे खड़ा, पल में पकड़ ले जायजी।
मातु पितु नारी मिली होवे न कोई सहायजी॥ खेड़ा॥

सुणो सुणोरे भाई कौन परभव आयो।
सुनो सुनोरे भाई संग पाव सी लायो॥
सुनो सुनोरे भाई थोरी करम कमायो॥ शेर॥

विद्या से कुलप तोड़ के आयो है चलाई ।
सब चोर धन को बांध लिया सिर पै उठाई ॥
तब इन्द्र का आसन चला देखे ज्ञान लगाई ।
धन माल जाने से हुवे हांसी नगर मांई ॥ खड़ी ॥

संसार तजेगा जम्बु इन्द्र चित्त धारी,
तब सभी चोर पग स्तम्भ विद्या डारी ।
सब चोर थक्क गए बोझ शीश पै भारी,
तिहां सुनी त्रिया की बात परभव सारी ॥मिलन॥

सभी नार मिल अरज करत है,
बोलो पति मेरे तरसे जिया ॥ जम्बुकुंवरजी ॥२॥

निगाह कुंवर की पड़ी चोर पै कहो भाई कौन खड़ा ।
चोर कहे दो विद्या ले, देवो तुम्हारा मंत्र बड़ा ॥
जम्बु कहे विद्या नहीं चाहिये, मेरे मन वैराग चढ़ा ।
धन कुटुम्ब को त्याग के, चित्त गुरु चरणों में अड़ा ॥शेर॥

सुन के जम्बु को वचन मन में, अचम्भा आनजी ।
ऐसी सम्पद को तजे धन धन कुमर वुधमानजी ॥
कहे प्रभु वो क्यों तजो तुम ऐसी रिध सुजानजी ।
चोर कूं समझाइयो, जम्बुकुंवर दे ज्ञान जी ॥ झेला ॥

सुनो सुनोरे भाई उपदेश कुंवरजी दीनो ।
सुनो २ रे भाई चोर सुधारस पीनो ॥
सुनो सुनोरे भाई, संजम में चित्त भीनो ॥ दौड़ ॥

आयो चल के चोर पास कहे वचन उचारी ।
तुम मिल के सभी जाओ अपने घर को सिधारी ॥
प्रभाव से सभी हाथ जोड़ अरज गुजारी ।
हम भी तुम्हारे संग चले मन में विचारी ॥ खड़ी ॥

अब ओर पांच सौ सजम की जिसधारी।

भूल गए सभी के वच सुनो नरनारी॥

कहे कुंवर प्रिया से आज्ञा दो सुविचारी।

कहे प्रिया नाथ क्यों हमको तजो निरधारी॥मिझल॥

प्रीतम जो तुम चित्त रुचे सो कीजे

हुकम अब खोल दिया ॥ जम्बुकुंवरजी॥ ४॥

जम्बुकुंवर कहे ये ससार में काम भोग दुखदाई है।

सुर सुख पाया अनन्ता तोभी तृपत नहीं आई है॥

सभी नार वैराग आन के मन में धीरज लाई है।

मात समझावे कुंवरजी पिता मात समझाई है॥टार॥

पांचसें सत्तावीश मिल के गये श्री गुरु पास जी।

छोड़ सकल संसार को सजम लिया उल्लास जी॥

करी तप जप पालि सजम मेट के, भव पास जी।

सारे आतम काज जग मांहि सुजस परकाश जी। मेला॥

सुनो सुनो रे भाई पाट सुधरमा स्वामी।

सुनो सुनोरे भाई जम्बु मुनि हुये नामी॥

सुनो सुनोरे भाई कीर्ति जगकी पामी ॥ तीड़॥

मुनि छोड़ के करमों कुं केवल ज्ञान को धारे।

भव्यजीव को समझाय के संसार से तारें॥

निज गुन में होके लीन अनुभव को विचारे।

आतम का किया कल्याण मुनि मुक्ति पधारे।खड़ी॥

ये अजर अमर अविनाशी सुख अति पाया ।
सब कर्म तोड़ के हुवे सिद्ध महाराया ॥
श्री सुखारिखजी गुरु भेद बतलाया ।
मेरी अल्प बुद्धि प्रमान मुनि गुण गाया ॥मिल्लत॥
अमीरिख कर जोड़ कहे मुनी चरणों में ।
चित्त लाग रया ॥ जम्बुकुंवरजी ॥ ५ ॥

श्री वलभद्रजी महाराज की लावणी ॥

लगडी रगत ।

वलभद्र मुनिराज मोक्ष के काज करे तप भारी है ।
मास खमन के पारने, आये नगर मझारी है ॥ टेर ॥

नगर द्वारिका दग्ध भई तव हरि हलधर दोनू भाई ।
निकले वनको करम सें विपदा वहु उमे पाई ॥
आये कंशुम्बी वन में, कृष्ण को प्यास लगी है अधिकाई ।
वलभद्रजी नीर को गये बखत पहोंची आई ॥ खड़ी ॥
जब व्याकुल होके सोते वृक्ष की छाया ।
तिहां भटकत वनमें, जरतकुंवर चल आया ॥
पग पद्म देख मृग जान वान चलाया ।
भई आयु थिती परेपुरन प्रान गमाया ॥ तुटक कड़ी ॥
नीर वलभद्र लायाजी मोह अधिकार चायाजी ।
फिरे कन्धे उठायाजी, देव आके समझायाजी ॥ मिल्लत ॥
देह कार्य करे ज्ञान हिये धर तजा जग्त दुखकारी हो ॥मास०१
संजम ले वैराग भाव से, मास खमन करते करनी ।
पंच महाव्रत समित्यादिक करे क्रिया आतम तिरनी ॥

करुणा सागर सहे परिसह भाख गहे श्री जिनवरजी ।
रूप अनुपम इन्द्र सम महिमा कौन सके वरनी ॥ कही ॥

अब मास खमन का आया पारना माहीं मुनी आए अहार को।
हुँसियापुर के माँई, घरमी पर हरि गणधर गति दुखदाई ॥
तिहां होवे अचरज एक सुनो चित लाई ॥ तुरक कही ॥

एक जल काज नारीजी, चली कूवे पै सारीजी ।
कूवो तस मन्द सारीजी, रुदन करतो अपारीजी ॥ मिलत ॥
बालक को ले संग कूवे पै आई चल पनिहारी है ॥ मास०॥२

रूप अनुपम तेज मनोहर सूरत है मोहन गारी ।
आते मुनी को देख के भूल गई सुध बुध सारी ॥
मोह वश निरखे नर नयना चन्द चकोर प्रीत भारी ।
घड़ा भूल के डोर निज नन्दन के गल में डारी ॥ कही ॥

तब कहे सब सखियां करें क्यों बाई ।
होवी सिद्ध ऐसा धिग मुझ रूप सवाई ॥
करतो जो पारनो जोग मिले तब माँई ।
नहीं तो है त्यागन आज जीव मुझ ताँई ॥ तुरक कही ॥१॥

अभिग्रह चित ठावेजी मुनि वन में सिधावेजी ।
रहे समता समावेजी सदा तप जप कमावेजी ॥ मिलत ॥
रहे विचरत वन में फिरते निरमल तप आचारी है ॥मास०४

अल्प भ्रमी एक मृग तिम औसर श्री गुरु के दरशन पावे ।
जाती स्मरण पाय के, मुनिवर से भावन भावे ॥
घाती एक काठ के कारन पुण्य उदय तिण वन आवे ।
सेठ पताई मृग ले आय अहार गुरु बतलावे ॥ कही ॥

खाती खातन दे दान मृग मन तरसे ।
जो मैं होतो नर दान देतो निज कर से ॥
तिहां वायजोग तरु डाल पडी ऊपर से ।
कियो चारू जीव समकाल भाव शुभ सरसे ॥ त्रोटक कडी ॥
पांचमें स्वर्ग मांईजी लही रिधी सवाईजी ।
एक अवतार पाईजी, मोक्ष जाशे सिधाईजी ॥ मिल्लत ॥
अमीरिख कर जोड़ कहे, मुनि चरन शरन वलिहारी है ॥मा०

श्री ऋषभदेवजी का वरसी पारणा की लावणी ।

लगडी रगत ।

प्रथम ऋषभ जिनराज, राज तज वर्षि तप को धार लिया ।
असकुंवरजी अहार वहिराय, सफल अवतार किया ॥ टेर ॥
संजम ले प्रभु मौन धारके घर २ गोचरी जावे है ।
कोई घोड़ा हस्ती सिनगारी जिनवर पासे लावे है ॥
रथ पालखी प्रभु को भेंट करी सुख पावे है ॥ खड़ी ॥
कोई पाट पितांवर रतन आभूषण भारी,
कोई हीरा मोती कोई कन्या सिनगारी ।
इम २ भांत वस्तु लावे नरनारी,
प्रभु देख २ फिर जाय क्षमा चित्त धारी ॥ मिल्लत ॥
अहार नीर विन मिले विचरते, प्रभु बारे मास थया ॥अंस० १
अंसकुंवरजी सूते सेज पै, पिछली रात सुपना पाया,
कल्पवृक्ष को देखा आंगन में, ऊगा मन भाया ।
पान फूल फल छायरया है, अति सुंदर शीतल छाया,
अधिक मनोहर कल्प विना नीर सो कुमलाया ॥ खड़ी ॥

जब लग देख आगें कुंवर उमाई
आप बैठे गोख विचार करे मन मांई।
कछु हरख हिये कछु चिन्ता उर में आई,
बीती है रजनी दिवस प्रभा तब छाई ॥मिलत॥
आदिनाथ जिनराज पधारें, मति पूर्ण करि प्रभा ॥ प्रस० ॥ १

कल्पवृक्ष सम आते प्रभु को हसकुंवरजी देख लिया
दर्शन करते कुंवर को जाती समरण प्रगट भया।
पूरव भव को देखा ज्ञान से मुनि मारग को जान गया
तुरत महल से उतर के श्री जिनवर के चरण छिया ॥कड़ी॥
जब ईखू रस का घड़ा भेंट को आया
अति उलट भाव से हस कुंवर बहिराया।
रस दोनू हाथ में लिया ऋषभ जिनराय
प्रभु वर्षि पारना किया तृपत भई काया ॥मिलत॥
रत्न वृष्टि जय कीवी देव ने मे देव दुंदुभी शब्द भया ॥प्रस०॥२

जय जय वाणी भइ गगन में धन २ कहे सब नरनारी,
घर २ आनन्द भया घर २ वरते मंगलाचारी।
तिन दिन से तिविहार भया है आखातीज प्रगट भारी
कहे नरनारी नगर में दान तणी महि महिमा भारी ॥ कड़ी ॥
है भावी प्रथम जिनराज महा सुखदाई
भया पोता प्रथम दातार अचल गति पाई।
ये अजर अमर अधिकार कमी नहिं कांई
श्री सुखारिखजी गुरु चरण चित लाई। मिलत॥
आदिनाथ जिनवर गुण गाया अमीरिख धरी हर्ष हिया ॥प्रस०॥४

श्री अरिहन्त महाराज की लावणी ।

॥ *लगडी रंगत* ॥

श्री अरिहन्त महाराज गरीब निवाज आप गुनवन्त बड़े ।
इन्द्र देवता चरन की सेव करत हैं खड़े खड़े ॥ टेर ॥
जान सकल संसार अथिर वैराग भाव धारी मन में,
करम मिटावे लोचकर संजम ले विचरे वन में ।
दुक्कर तपस्या धार प्रभुजी लीन भये आतम गुन में,
नर सुर पशु के परिसह सहे धार समता तन में ॥ खड़ी ॥
प्रभु मेरु गिरि सम अचल महा गुण धीरा,
हस्ती सम धीरज केशरी इव बड़ वीरा ।
प्रभु करुणा आगर सागरवत गंभीरा,
अति करनी करके हरी सकल भव पीरा ॥ त्रोटक कड़ी ॥
करम चारुं हटायाजी, प्रभु केवल जो पायाजी ।
मिली सुर इन्द्र आयाजी, किया म्होछ्व सवायाजी ॥मिल्लत॥
केवल ज्ञान और दरसन से चर अचर पदारथ दृष्टि पड़े ।इन्द्र।१
मिथ्यामत वल होय अती तव देव करत त्रिगडो त्यारी,
चामर वींजे गगन में, धरम चक्र गरजे भारी ।
वृत्त अशोक दुंदुभी वाजत इन्द्र ध्वजा लहेके न्यारी,
छत्र सिंहासन जडित मणी रत्न सोहे अति मनुहारी ॥खड़ी॥
भामण्डल झलके तेज महा सुखदानी,
हरे रेणु वाय वरशत सुगंधित पानी ।
करे पुष्प वृष्टि अचेत जोयण परमानी,
सो कोस ईत टल जाय विराजत ज्ञानी ॥त्रोटक कड़ी॥
मनोहर शोभ झलकेजी, अनुपम रूप झलकेजी ।
शशी सम मुख झलकेजी, भानु इव तेज चलकेजी ॥मिल्लत॥

ऐसा अतिशय जिनवर के कोई पावजी नहीं माय भई ॥ऐसा॥

महिमावन्त जिनन्द अतिशय तीस च्यार पूरन धारी
पैंतीस वाणी सुधासम सुणत भये सुख नरनारी।
लोकालोक के माय प्रकाशे, सीख भविक लागे प्यारी
घन उपकारी कहे सच जिन चरनन की बलिहारी ॥ ऐसी ॥

कोई थविर आन संसार मुनी पद ठावे,
कोई श्रावक भावक व्रत धरे उमावे।
कोई समकित धारी समदृष्टि पद पावे
तज मिथ्या दुरमति धर्म सुलट मग आवे ॥ मोदक कही ॥

कोई तप जप कमावेजी धर्मी सुरलोक जावेजी।
कर्मरिपु को हटावेजी कोई शिवपुर सिधावेजी ॥ मिलत ॥

तदकाया के पीर मारमद सुर होय कर्मों से लड़े ॥ऐसा॥

प्रथम संघयण सठाण प्रभु के रोग रहित निर्मल काया,
लख चौरासी व पूर्व सम आयु जिन पूरन पाया।
जघन्य बहोत्तर धर बड़े गुन शास्त्र आगम में गाया
जनम मरन का भेद भये शिव सकल जग के राया ॥ ऐसी ॥

प्रभु करुणा सिन्धु गुन अनन्त बलधारी
मुझ अल्प मति कहूं रसना कैसे उचारी।
मैं शरन लियो है तारक बिरद विचारी
कर महिर श्री जिनराज करो भव पारी ॥ तारक कही ॥

प्रभु का गुण जो गावेजी विपत सब दूर जावेजी।
सकल पातिक पुलावेजी सुमत हिरदे में आवेजी ॥ मिलत ॥
धर्मीरिख अरिहंत भजन से कर्म विषम भय दूर भजे ॥ऐसा॥

कुमतिजन को हित शिक्षा की लावणी ।

॥ लगडी रंगत ॥

श्री जिन आगम वचन सुणी ने, शीख भूलना ना चैये ।
उलटे पंथ में चाल के दुख उठाना ना चैये ॥ टेर ॥

जिन मारग को छोड़ पाप से चित्त लगाना ना चैये,
कल्पवृक्ष को छोड़ बंबूल को बोना ना चैये ।
काल अनंत विषय वश भटक्यो तुझे लुभाना ना चैये,
श्री जिन वचन अनूप सार क्षण एक भूलाना ना चैये ॥उ०॥१

ज्ञानी गुरु गुणवन्त, जिन्हों के गुण हमेशा गाना चैये,
कुसंगत में भूल क्षण एक भी जाना ना चैये ।
रक्त दाग को रक्त से शुची बताना ना चैये,
पत्थर नाव बैठाय जीव भोले को डुबाना ना चैये ॥ उ० ॥२

दया धर्म अमोल रत्न है मुफ्त गमाना ना चैये,
सुख चाहे तो किसी का दिल दुखाना ना चैये ।
जान बूझकर गोते संसार में खाना नाचैये,
अपने हाथ से आप ठगा के जगत हंसाना ना चैये ॥ उ० ॥३

दुग्ध दुग्ध सब एक बरन है देख भुलाना ना चैये,
ज्ञानी होकर धर्म सब एक बताना ना चैये ।
कुगुरु की संगत में जाके कष्ट उठाना ना चैये,
मन थिर लाके शीख सुगुरु की भुलाना ना चैये ।
कहत अमीरिख धर्म ध्यान में आलस्य लाना ना चैये ॥उ०॥४

——×——

श्री धर्मरुची अणगार की लावणी।

गिरती है तेरी सरावीर मेरे नयनों में ॥ यह देशी ॥

तपसी गुणधारी परम पर उपकारी
धन्य धर्मरुची अणगार समा भंडारी ॥ टेर ॥

मुनि समता सागर, ज्ञान गुणों का दरिया।
आया चम्पा नगरी, करता सुन्दर फिरिया।
रिख मास पारणे गुरु चरणां शिर धरिया।
आज्ञा लेई गुरु की मुनि आवे गौचरिया।
धरती पर दृष्टि, गयवर गति संचरिया।
आया नागेश्री घर द्वार दया रस भरिया।
मुनि आता देखी, हरख नयों अतिभारी ॥ धन्य० ॥१॥
तिहां कड़वो तुम्बो शाक भूल से थावे।
तब नागेश्री मुनिवर को तब बहिरावे।
घर आई उकरड़ी कहो बाहिर कुण जावे?
मुनि परम ज्ञानी, श्री गुरु पासे आवे।
रिख मौन सिम्यो दातार गुरु फरमावे।
लिये पूरण भरियो पात्र, उत्कट घर आवे।
तब सत गुरु आगे बात सकल उचारी ॥ धन्य० ॥२॥
गुरु कीधो निर्णय शाक हलाहल जाणी।
तब धर्म घोष गुरु मधुर कहे मुख वाणी।
मैं कटुक शाक समझो खासी गुरु ज्ञानी।
अकाले तजशी प्राण कहे गुरु ज्ञानी।
यह असत्य जानकर, निरवद्य ठाम पिछाणी।
तिहां जा परठावो आज्ञा यह मुझ मानी।
मुनि कल्प परिठावण गुरु आज्ञा शिर धारी ॥ धन्य० ॥३॥

आइ निरवद्य ठामे, विन्दु एक परिठाई।
देखे तिण ऊपर, कीड़ियां अधिकी छाई।
तब करुणा सागर, चिन्ते ज्ञान लगाई।
सघलो परिठान्या अनर्थ अधिका थाई।
अति दया भाव से, मुनि सोचे चित्त मांई।
तन जातां निपजे, दया यही अधिकाई।
तव खीर खांड सम, जान पियो सुविचारी॥ धन्य० ॥४॥

अति प्रबल पीड़ा, तन मांहि हुई तिणवारो।
आवन की शक्ति घटी, कियो संथारो।
मुनि समता दृढ़ता धार्यो, हर्ष अपारो।
करी काल पहोंचे, स्वारथ सिद्ध मझारो।
गुरु खँवर करन को, आया जिहां अणगारो।
तव नाग शिरि पै, कियो कोप महाभारी।
विख दियो मुनि को, धिग् धिग् है हत्यारी॥ धन्य० ॥५॥

अति हुई फजीती फिट् फिट् कहे सब कोई।
मर गई नरक में कर्म उदय तस होई।
अति पाई दुःख यह, पाप तणा फल जोई।
धन धन मुनिवरजी, ज्ञान गुणाकर सोई।
चवी मोक्ष सिधाया, सकल कर्म दल खोई।
श्री सुखारिखजी, गुरु पाप रज धोई।
कहे अमीरिख मुनि, चरन शरन हितकारी॥ धन्य० ॥६॥

उपदेशी लावणी ।

देशी पूर्वक् ।

तुम सुनो सुगुरु की सीख सदा नरनारी ।
एक करो धर्म का काम सदा हितकारी ॥ टेर ॥
भवजल में भटक्यो जीव महा दुःख पायो ।
अब नरभव रत्न समान हाथ तेरे आयो ।
यह आर्य देश अरु उत्तम कुल में आयो ।
तन कुशल आवखो दीर्घ पुण्य से लायो ।
है पूरन इन्द्रिय पंच चतुर नर धारी ॥ एक० ॥१॥
निग्रन्थ गुरु को जोग मिल्यो है भाई ।
जिन आगम अमृत वचन सुनो चितलाई ।
इनिमें श्रद्धा परतीत चित्त के मांई ।
कर सुकृत उद्यम विपत सकल टल जाई ।
सुकृत उद्यम विपत सकल टलजाई ।
संसार सुख सपना सम जान असारी ॥ एक० ॥२॥
जब आन कुटुम्ब धन मांहि क्यों लपटावे ।
स्वारथ के सब ही सगे प्रभु फरमावे ।
क्यों पंचेन्द्रिय में नाहक कर्म कमावे ।
सब धरा रहे जग ठाठ अकेलो जावे ।
पापों का फल परभव में होयगा भारी ॥ एक० ॥३॥
घटे दिन दिन आयु ज्यों अंजुली को पानी ।
मत पूरन थिति रिपु काल ले जावे तानी ।
नरकों में पड़े गिरनार धार हित वानी ।
तोय कहे सतगुरु समझाय चेतरे मानी ।
[illegible] ॥ एक० ॥४॥

आप थापी पर निन्दक में १३ दोष ।

पासुरजी की देशी ।

सुणो भवियणजी, आगम वचन अनूप सदा चित्त धारजो ।
गुणवन्ताजी, ज्ञान हिये धर आतम दोष निवारजो ॥सुणो०॥
लेइ संजम निन्दा करे पर की, सब पूँजी खोवे निज घर की ।
महिमा नहीं होवे उण धर की ॥ सुणो० ॥१॥
जो आप थाप पर निन्दा करे, तिहां तेरे दोष जिन उचरे ।
कहो किण विध शिव रमणी वरे ॥ सुणो०॥२॥
दशमा अंग साख हिये लीजे, बुधवंत नहीं तिणने कीजे ।
वली धन्य कारो पण नहीं दीजे ॥ सुणो० ॥३॥
नहीं कहिये तिणने धर्म प्यारो, नहीं जाति कुल निर्मल धारो ।
न कहिये तिणने दातारो ॥ सुणो० ॥४॥
नहीं कहिये सत्यवन्तो शूरो, नहीं रूपवन्त जांको नूरो ।
नहीं शोभावन्त गणो पूरो ॥ सुणो० ॥५॥
नहीं कहिये तस पडित भणियो, बहुसूत्री तपसी नहीं गुणिये ।
तिणे मिथ्या भर्म नहीं हणियो ॥ सुणो० ॥६॥
रूडी मति नहीं आई कहिये, तस आराधिक पद नहीं गहिये ।
तस सेवा थी अवगुण लहिये ॥ सुणो० ॥७॥
तेह चउगति भव संसार भमे, बहु जनम मरन विपदा खमे ।
इम वचन कह्या जिन आगम में ॥ सुणो० ॥८॥
पर निंदा तज गुण को धारो, शुद्ध करणी कर निज आतम तारो ।
कहे अमीरिख होय भव पारो ॥ सुणो० ॥९॥

सप्त कुव्यसन का वर्णन ।

दोहरा ।

परम जिनन्द दयानिधि, श्री वर्धमान जिनेश ।
महिर करी भविजन प्रति देवे हित उपदेश ॥१॥
दश दृष्टांते दोहिलो मानव भव यह पाय ।
तिरन योग जिन धर्म लहि, तजो व्यसन दुखदाय ॥२॥

श्लोक—सप्त कुव्यसन के नाम ।

द्यूतं च मांसं च सुरा च वेश्या, पापर्द्धि चौर्य परदार सेवा ।
एतानि सप्त व्यसनानि लोके, पापाधिके पुंसि सदा भवन्ति ॥
इहैव निंद्यते शिष्टैः, व्यसनासक्त मानसः ।
मृतस्तु दुर्गतिं याति गत प्राणो नराधमे ॥२॥

समुच्चय व्यसन वर्णन ।

सखी पनियां भरन कैसे जाना, मारग में खड़ा है कान्हा । देशी ।

तजो सात व्यसन दुख दाना यही जिनवर का फरमाना ॥टेर॥
है जूआ खेल जगमांई दोनों भव में दुःखदायीजी ।
धन हानि लोक अपमाना ॥ यही० ॥१॥
पंचेन्द्रिय घात से होई ता सम अभक्ष्य नहीं कोईजी ।
त्यज अभक्ष मांस का खाना ॥ यही० ॥२॥
मद्यपान है बहुत अपावन कुलका न लाज सुध रावनजी ।
मर जावे नरक ठिकाना ॥ यही० ॥३॥
गणिका से करे कोई प्रीती, होय जग में कुजस फजीतीजी ।
नहीं करे प्रतीत सममाना ॥ यही० ॥४॥

महा दुष्ट व्यसन है शिकारी, मारत गरीब त्रण चारीजी ।
करे दुग्गत वधिक पयाना ॥ यही० ॥५॥
है बुरा चोरी का करना, इह भव परभव दुःख भरनाजी ।
वध बन्धन सहित अयाना ॥ यही० ॥६॥
पर त्रिया अधोगति दाता, यही सब भव ग्रन्थ सुनाताजी ।
भव खोय होय पिछताना ॥ यही० ॥७॥
एक एक व्यसन जिने धारे, गये नरक निगोद विचारेजी ।
सुख चैन कहां से पाना ॥ यही० ॥८॥
अमीरिख कहे व्यसन निवारो, करनी कर आतम तारोजी ।
धारो हित शीख सयाना ॥ यही० ॥९॥

——×——

जुआ खेल निषेध ।

सुणो चन्दाजी सीमधर परमातम पासे जायजो ॥ यह देशी ॥

सुनो प्राणीजी, जुवा खेल दुःख दायक दूर निवारजो ।
हित जाणीजी, श्री जिन शीख अनूप हिया मांहि धारजो।टेक
सब पातिक मूल यही गहिये, इण लंछन से आपद लहिये ।
दुःख कलह दारिद्र भवन कहिये ॥ सुनो० ॥१॥
अपजश जग में लहिये जेतू, भव भ्रमण विपत पातिक हेतू।
निज गुण रवि ढांकन जिम केतू ॥ सुनो० ॥२॥
घर हाट द्रव्य गहेना खोवे, इण व्यसन थकी निर्धन होवे ।
पत खोय नयन भर भर रोवे ॥ सुनो० ॥३॥
तस सयण कुटुम्ब नहीं नेह धरे, पुर में नहीं कोई परतीत करे।
घर तज मुख लेई विदेश टरे ॥ सुणो० ॥४॥

धरमी जन सगत नहीं भावे, गुरु आगम शीख नहीं चावे।
नहीं धर्म क्रिया सुकृत ठावे ॥ सुणो० ॥५॥
कौरव से पांडव खेल रम्या हारी नृप पद वन मांहि भम्या।
नल दमयंति दुःख खूब लम्या ॥ सुणो० ॥६॥
जुवा सम और अनीति नहीं दुरगति दायक व्यसन शीख यहीं।
कहत अमीरिख जिनराज कहीं ॥ सुणो० ॥७॥

मांस मद्य निषेध।

भविक जीव जिन आनन्दकारी ॥ यह देशी ॥

श्री जिन हित उपदेश उचारी निरवद्य वचन कहे सुखकारी।टेर
मांस कुव्यसन तुम त्यागो, जिन सग पाप बढ़े शिर भारी।
अभीख आहार करे जेह प्राणी, विपत सहे दुरगत दुखकारी।श्री०
जंगम जीव विनाश किये तैं, मांस तणी उत्पत्ति इम भारी।
आप निर्दय जीव अधर्मी वैर बधाय नरक दुःख त्यारी ॥श्री०
स्पर्श आकृति गंध अशुची मांखी वृन्द करे भिनकारी।
नाम लेत दुर्गंछा उपजावे किम रुचि लावत दुष्ट अहारी ॥श्री०
जप तप दान ध्यान शुभ क्रिरिया कष्ट अनेक करे अविचारी।
मांस मद्य से निष्फल होय सब शास्त्र पुराण वचन हितकारी।श्री०
अशुचि मूल बुरी मदरी से श्रमी कुल राशि कुवासित न्हारी।
उत्तम नर कुलवंत विवेकी करुणापर तजे सुविचारी ॥श्री०
मांस आहारी हिये नहीं करुणा, बाहे चित्त धर्म आचारी।
महाघातक नर धरमी रेवती वक राजा गयो नरक सिधारी।श्री
इम जाणी पातिक यह छोड़ो जिम भव भ्रमन विपत टल ज्यारी।
कहत अमीरिख जीव सधर्मी करुणा चित्त धारो नरनारी ॥श्री०

मद्यपान निषेध ।

मेरी मेरी करता जनम गयोरी ॥ यह देशी ॥

वीर जिनंद कहे सुनो, भाई मदिरा पान तजो दुःखदाई ।टेर।
दूषण अधिक सुरा जल मांई, कारण तजिये हरखाई ॥ वी०
कीटक राशि कुवासी दहाई, छीवत ही शुचेता सब जाई ॥वी०
पीवत शुध वुध सब विसराई, लखे त्रिया भगनी सम माई॥वी०
विह्वल विकल वचन शुधिनांई, लाल पड़े माखी मुख छाई॥वी०
धरनी पात शिथिल तन थाई, वसन विहीन ज्यूं लाज गंवाई।वी०
या सम और कहा निषिधाई, यों जानि जन ऊँच तजाई ॥वी०
धिक् २ है तस जीवित ताई, जिणे मद्यपान गहि निठुराई॥वी०
दीपायण चित्त कोप उपाई, जादव नाश कियो छिन मांई ॥वी०
मदिरा मांहि जो चित्त लुभाई, नरक निगोद में वास वसाई॥वी०
कहत अमीरिख निज हित चाई, तज कुव्यसन ज्यू सुरपद पाई।वी

वेश्या संग निषेध ।

चलो सखी कुछ जेज न करिये ।। यह देशी ॥

धार चतुर नर शीख प्रभु की, जिण से भव जल वेग तिरे ।
वेश्या व्यसन निवार मार मन, ज्यों तेरे सब काज सरे ॥धा०
कपटन कुटिला परधन ठगवा, वोले मुख मीठी वाणी ।
कामी मृग को मोहपाश में, वाधे विविध कला ठाणी ॥धा०
रग पतंग सम प्रीत जतावे, द्रव्य माल सब ठग लेवे ।
निर्धन जान नेह झट तोड़े, कुटिला छेह तुरत देवे ॥धा०॥

चाहत मीच तथा मुख की सब, छीजत ही सुचिता जावे।
मदिरा मांस करे नित भक्षण मूरख धिन क्यों नहीं लावे ॥५
जो गणिका संग लीन भया है, धिक् २ ही कहिये तिनको।
धर्म प्रेम नहीं आवे मन में परभव को डर नहीं जिनको ॥६
धम्मील कुमर चारुदत्त सेठी गणिका संग नेह जोड़ी।
द्रव्य साथ निरधन करि काढ़यो कारमी प्रीत तुरत तोड़ी॥७
यों जानी गणिका संग छोड़ो शियल व्रत चित्त में धारो।
कहत अमीरिख धर्म आराधी करनी कर आतम तारो ॥८

शिकार निषेध (लावणी)

क्यों होवे लफ्ज बेवफा भाल दिखलावे ॥ यह देशी ॥

सुण आगम वचन अनूप शिकार निवारो।
प्रभु भाखे छुद्रजा जीव कोई मत मारो ॥ टेर ॥
अटवी में रहे हैं जीव गरीब बिचारा
इत उत छिप अपना प्राण बचावत सारा।
है कायर दीन स्वभाव सभी निरधारा,
सब ही से डरे नहीं करे द्रोह रहे न्यारा ॥
तृण पोषण को नित खिचा रहे सुख चारो ॥ प्रभु० ॥ १ ॥
नहीं रोष करे कोई साथ कपट नहीं जाने,
नहीं द्वेष भाव कर दोष किसी पर ठाने।
नहीं करे द्रव्य का लोभ मिले सोही खावे
इम चरनी गरीबी सब कोई नर पहिचाने ॥
जीवित सम जग में और नहीं कछु प्यारो ॥ प्रभु० ॥ २॥

मृग शशा आदि वन में, रहे जीव अपारो,
तिहां जाय वधिक निरदय लेई हथियारो।
हा हा ! हिरदय के कठोर दया नहीं धारे,
नर एक स्वाद के काज अकाज विचारे ॥
अरे किम चालेरे हाथ गरीब पर थारो ॥ प्रभु० ॥ ३ ॥
परप्राण लूट के निज सुख चाहे भाई,
पण बदला पीछा देना पड़े तुझ तांई ।
एक एक रोम दुःख सहस्र वर्ष भुगताई,
दाख्यो महा भारत मांहि डरो मन मांई ॥
एक दया धर्म सब ग्रन्थ पन्थ में उचारो ॥ प्रभु० ॥ ४ ॥
यह शिख कहिये धर भव प्राणी चित्त डरिया,
करणा चित्त धारी जीव अनन्त उधरिया।
महा दुष्ट अधरमी वधिक नरक संचरिया,
चौरासी लक्ष में मरन अनन्ता करिया ॥
कहे अमीरिख यह व्यसन तजो दुःखकारी ॥ प्रभु० ॥५॥

चोरी निषेध ।

किण मारी पिचकारी रे, मैं तो सारी भींज गयी ॥ यह देशी ॥

परधन हरन व्यसन है खोटो, करिये चित्त विचारो रे।
सब ने धन प्यारो ॥ परधन० ॥१॥
चमक रहे मन माहि सदाई, चिंता चित्त अपारो रे।
कारन विपतारो रे ॥ परधन० ॥२॥
माल धणी पकड़े कोई अवसर, देवे शास्त्र प्रहारो रे।
बांधे बंध करारो ॥ परधन० ॥३॥

प्रजापाल कर कोप लोप से करत जीव तज प्यारो रे।
पातिक दुःखकारो ॥ परधन० ॥४॥
दुःख दैवी मरी मर्क सिधावे, तिर्हा पश संकट सारो रे।
भव भव दुखे सुधारो ॥ परधन० ॥५॥
विपत मूल यह व्यसन जान के परधन भूल विचारो रे।
पुण्या न विदारो ॥ परधन० ॥६॥
सत्य घोष परधन के कारण मर गयो नरक मझारो रे।
नहीं अन्त दुःखारो ॥ परधन० ॥७॥
कहत अमीरिख व्यसन निवारो जिम कहे पद श्रेकारो रे।
निज आतम तारो ॥ परधन० ॥८॥

परनारी निषेध ।

भावो हरि राम रमा वाला ॥ यह देशी ॥

चतुर नर व्यसन तजो भाई अन्य पर वनिता दुखदाई हो।
चतुर जिन वचन हिया में धारो रे परनार की सग निवारोहरेरा
दोष जग में अपजस भारी कहे फिट फिट सब नरनारी।
दोष भव भव में अधिक खवारी हो ॥ चतुर० ॥१॥
आय तप जप संजम करनी किया पर दुख सम्पद हरनी।
मोक्षपुर द्वार बन्ध करनी हो ॥ चतुर० ॥२॥
नरक पहुंचावन अगवानी परम तज परसी सम ज्ञानी।
तेज बल पौरुष ज्यों पानी हो ॥ चतुर० ॥३॥
आय तन धन जोबन सारो हणे कुल माहिं कलंक कारो।
आय परतीत सुजस चारो हो ॥ चतुर० ॥४॥

भूप जाने लूटे घर को, विटंबन देवे तिण नरको ।
मरी सिधावे सो जाय नरक पुरको ॥ चतुर० ॥५॥
तप्त थंभे से चिपकावे, सब अङ्ग भस्म होय जावे ।
पड्यो परवश महा दुःख पावे हो ॥ चतुर० ॥६॥
रावण पद्मोत्तरादिक राया, जिन्हों का अपयश जग छाया ।
राज हारी दुरगत पाया हो ॥ चतुर० ॥७॥
अमीरिख कहे समझ ज्ञानी, तजो पर वनिता इम जानी ।
धार चित्त में आगम वानी हो ॥ चतुर० ॥८॥
संवत उगणीसे चोपन कहिये, चैत्र विद पड़वा बुध गहिये
धरम में वंछित फल लहिये हो ॥ चतुर० ॥९॥

कलश

गीता छन्द ।

इह भांन सातो व्यसन दुरमग, जो मनुज पद ठावई ।
मरी लहे दुरगत सहे वेदन, जनम मरन वधाव ही ॥
चित्त धार श्री जिन शीख सुगना त्याग भाव जूं लाईये ॥
इम कहे अमीरिख करो सुकृत, जिम अचल सुख पाईये ।
भवि जिम अचल सुख पाईये ॥१॥

अध्यात्म व्यौपारी चेतन वनजाराको चेतावनी।
सखी पनियां भरन कैसे जाऊं, मारग में खड़ा है कान्ह। देशी।

गाफिल मत रहे वनजारा, मारग में बसे है ठगारा ॥ टेर ॥
भव अटवी में भटकत आया, बड़ा शहेर मनुष्य भव पायाजी।
अब करले यहाँ व्यौपारा ॥ मारग० १॥
शुभ सत्तावन संवर के, लेना पोठी माल संग भरकेजी।
समकित दयाल हुंशियारा ॥ मारग० २॥
क्षायिक चार किराना, क्षायिक वस्तु अपनानाजी।
होना शिवपुर को तइयारा ॥ मारग० ३॥
रस्ते में रखना हुशियारी, है क्रोध दावानल भारीजी।
अभिमान है विषम पहाड़ा ॥ मारग० ४॥
वंस जाल कपट की है झाड़ी, तृष्णा महा दुस्तर खाईजी।
तिहाँ मत ठहरे वणजारा ॥ मारग० ५॥
करे करम चोर हेरामा, सब लूटे माल खजानाजी।
राग द्वेष दोई बटमारा ॥ मारग० ६॥
पंच इन्द्रिय अपर ठगारी, मन पकड़ा करे अति ख्वारीजी।
रहना इन सबसे न्यारा ॥ मारग० ७॥
ऐसे बहुत विषम मारग में, रखना विचार पग पगमें जी।
संग माल अखूट तुम्हारा ॥ मारग० ८॥
क्षय उपशम भाव का सौदा, क्षायक कर्म बेच सब दीनाजी।
हुआ नफा अनन्त अपारा ॥ मारग० ९॥
आतम धन जिसने कमाया, हुआ सोही शिवपुर राया।
कहे अमीरिख सुविचारा ॥ मारग० १०॥

उपदेशी ।

फगुवा की तथा रसिया की देशी ।

गरवे मति देख संपद गहेरी, गरवे मति० ॥ टेक ॥

बादल छांय स्वपन कीरे माया ।
थिर नहीं जैसे समुद्र लहेरी ॥ ग० ॥१॥

पाप करी माया रिध जोड़ी ।
अन्त समे संग नहीं तेरी ॥ ग० ॥२॥

मोहकरी मूरख ललचावे ।
मानत धन सम्पद मेरी ॥ ग० ॥३॥

चक्री वासुदेव जग राजा ।
तिण घर पण नही थिर ठहेरी ॥ ग० ॥४॥

काम भोग जग में दुखदाई ।
जिनराज कहे ये तो फल जहेरी ॥ग०॥५॥

पुन्य विना पल भर नहीं ठहरे ।
तूं मति जान यह रिद्ध मेरी ॥ ग० ॥६॥

गफलत में बेठो किम मानी ।
शिर पर काल खड़ो वैरी ॥ ग० ॥७॥

कहत अमीरिख सुकृत करले ।
ज्यों मिल जाय मुगत शेरी ॥ ग० ॥८॥

सतगुरु महिमा ।

देशी पूर्ववत् ।

सतगुरु बिना कौन सुनावे वाणी सतगुरु बिना० ॥ टेक ॥
विषय कषाय दावानल ठारन उपशम रस सींचे पाणी ॥स०
मंदिर करी मर्म रोग मिटावे, करे पावन करुणा आणी ॥स०
ज्ञान मेघ समकित के दाता धर्म अधर्म पारख जाणी ॥स
परदेशी समकित शुद्ध पायो केशी गुरु मिलिया ज्ञानी ॥स०
जीव मारन वन आप संजोती तिहां भेट्या मुनिवर ध्यानी ॥स०
राजरिष तब संजम लीधो काम दशा चित्त मगआनी ॥स०
मुनि अनाथी श्रेणिक नृप ने शुद्ध मारग दियो सुखदानी ॥स
भव भव तारन निज पद धारन मुक्ति पहुंचावन अगेवानी ॥स०
कहे अमीरिख गुरु उपकारी, सेवकरो नित भवि प्राणी ॥स०

हितोपदेश ।

जिया मारी पिचकारी रे ॥ यह देशी ॥ (होरी)

श्री जिन धरम न जोया रे, निरर्थक भव खोया ॥ टेक ॥
काल अनन्त भम्यो जगत में निजगुण तत्त्व बिसारी रे ।
मोह नींद में सोया ॥ श्री जिन० ॥१॥
अशुभ करम संचय कर प्राणी पाम्या कष्ट अपारो रे ।
विषयन के संग मोया ॥श्री जिन०॥२॥
रतन चिंतामणि नर भव पाई मिथ्यामत वश होई रे ।
भव यूं ही विगोया ॥ श्री जिन० ॥३॥
काम क्रोध मद मान में राच्यो परभव को डर नाहिं रे ।
सुख बीज न बोया ॥ श्री जिन० ॥४॥

आगम वचन समुद्र भरा है, निज गुण समय विचारी रे।
मन मेल न धोया ॥ श्री जिन० ॥५॥
जैसे काग उड़ावन कारण, रतन चिंतामणी हारी रे।
मूरख फिर रोया ॥ श्री जिन० ॥६॥
अमीरिख अजहु कर सुकृत, जिम परभव सुख पावे रे।
निज ज्ञानउ जोया ॥ श्री जिन० ॥७॥

पुनः सुलट।

राग पूर्ववत्।

जैन धर्म जिणे कीना रे, नरभव फल लीना ॥ जैन० ॥टेक॥
आरभ परिग्रह खोटा जाणी, राचे नहीं तिण मांहि रे।
भव भ्रमण से बीना ॥ जैन० ॥१॥
देव गुरु और धरम ये तीनों, रतन अमोल पिछानी रे।
शुद्ध भाव से चीना ॥ जैन० ॥२॥
तन धन जोवन अथिर जाण के, निज गुण में रहे राची रे।
जिन वचन प्रवीना ॥ जैन० ॥३॥
समकित ज्ञान चारित्र आराधे, साधे तप जप सारा रे।
शिव मारग जीना ॥ जैन० ॥४॥
राग द्वेष मद मोह निहारे, काम क्रोधादिक मारे रे।
वैरागे रहे भीना ॥ जैन० ॥५॥
आप तिरे और भविजन तारे, जनम मरन दुःख टारे रे।
करे कर्म कुं छीना ॥ जैन० ॥६॥
कहत अमीरिख महागुण धारी, चरन शरन सुखकारी रे।
धन धन नस जीना ॥ जैन० ॥७॥

श्री महावीर जिन के ११ गणधरों का लेखा।

दुहा।

श्री सतगुरु चरणे नमूं, वंदू ग्यारह नाम ।
विघन विदारन सुख करन, सेवक ने सुखदाय ॥१॥
वर्धमान स्वामी तणा, एकादश गुणधार ।
नाम ठामादिक वरणवुं, सांभलजो नरनार ॥२॥

ढाल ।

वीर जिणंद समोसरण पधारी, जिन त्रिभुवन स्वामी ॥ यह देशी ॥

(समुच्चय २० बोल)

प्रथम १नाम २जन्मनगर, ३जन्म क्षेत्र कहीजे ।
४पिता ५माता ६गुण गोत्र ७आठ वय ग्यारह लहीजे ॥
९गुरुदीक्षा १०परिवार ११मन मणिया पछी केता ।
१२संयमवय १३संलाग १४पूरी १५छद्मस्थ रहि केता ।
१६केवल पद सर्व १७आउखोय, १८संथारो १९सिद्ध ठाम ।
२०गति कमल तेह पामिया ते दाखूं सब नाम ॥
ते दाखूं सब नाम ॥१॥

१ गणधर नाम ।

इन्द्रभूति अग्निभूति वायुभूति आयो,
विगत सुधर्मा मंडीपुत्र छट्ठा पीछाणो ।
मौर्य पुत्र अकम्पीत आठमा जपिये भावे
अचल भ्रात मेतारज अपता सब गुणआणे ॥
श्री प्रभासजी ग्यारमा ये ग्यारे गणधार
मन वचन काया भावसूं जपिये वारंवार ॥१॥

२. जन्मनगर नाम ।

प्रथम तीन गणधार, गाम ऊचर पहिचानो ।
चौथा पांचमां दोय, कोलाग सन्निवेश वखानो ॥
छठा अरु सातमा दोई, आठमा मिथुला नगरे ।
नवमा कौशलपुर जोई, दशमा तुंगिया नगर में ॥
ग्यारमा राजग्रही मांय, ग्याराई गणधर तणा ।
जनम नगर सुखदाय ॥

३. जन्म नक्षत्र ।

ज्येष्ठ कृति का स्वांति, श्रवण नक्षत्र विचारो ।
पंचम पूर्वा फाल्गुनी, आर्द्रा सुखकारो ॥
सातमा गणधर जनम नक्षत्र रोहिणी कहिये ।
उत्तराषाढ़ा मृगशीर्ष, दसमो अश्विनी लहिये ॥
पुष्प नक्षत्र ग्यारमाए, जन्म लियो है कृपाल ।
मात पिता आनन्द भयो, वरती मंगल माल ॥

४-५. माता पिता के नाम ।

त्रिगणधर वसुभुति पिता, पृथ्वी ३महतारी ।
धनमित्र ४वारुणी मात धर्मिल ५भद्दिला गुणधारी ॥
धनदेव ६विजया देवी, मौरीज ७विजया दे माता ।
देव ८जयंति माता, ९वसुनन्दा सुत नाता ॥
दत्त नाम १०वरुण कहिये, सूत दशमा गणधार ।
बल तात ११भद्रावती, पिता मात सुखकार ॥५॥

९–६. गोत्र, जात, ज्ञान, गुरु. ये चार बोल

प्रथम तीन गणधार गोत्र गौतम तस कहिये ।
४भारद्वाज ५अग्निवेस विशिष्ठ छठा लहिये ॥
७काश्यप ८गौतम हार्य गोत्र नवमा को ।
गुणिये दशमा ग्यारमा चोय गोत्र कोडिन्यसु गुणिये ॥
जात कही ब्राह्मण सधीये चार वेद का ज्ञान ।
त्रिशलानंद जिनवरमी गुरु कहिये वर्धमान (२) ॥६॥

१०–१३ दीक्षा परिवार, छद्म मस्था, संघयण, संठाण ।

प्रथम पांच गणधार, सयम पांच सें सग लीधा ।
छट्ठ सातमा साढ़ी तीनसें संग मसिद्धो ॥
शेष चार गणधार तीनसें पुरुषना सगे ।
पांची सघसो ग्रन्थ लियो संजम अतिरंगे ॥
बारह ग्रन्थ मथिया सहुए वज्र रिषभ संघयेण ।
सम चौरस संस्थान तर्हं मसमूं जिनरयेण ॥७॥

१४ गृहवास ।

१इन्द्रभूति पचास वर्ष रहिया घर माँई ।
दूजा छयालीस वर्ष तीजा बंयालीस ताँई ॥
चौथा पंचमा पचास छठा त्रेपन गृहधारी ।
सातमा पैंसठ पण आठमा अड़तालीस अगारी ॥
६छीयालीस १०छत्तीस लगेए ११सोलह बरस गृहवास ।
तदनंतर संजम लियो चरम जिनेश्वर पास (२) ॥८॥

१५. छद्मस्थ ।

इन्द्रभूति वर्ष १तीश, २दश ३दश ४द्वादश वासा ।
५बेतालीश ६चउदे ७चउदे, अड नव चिमासा ॥
नवमा द्वादश वर्ष, वर्ष दशमा धारो ।
ग्यारमा श्री प्रभास वर्ष आठो सुविचारो ॥
रहिया छद्मस्थ ही पणेए, एता वर्ष प्रमाण ।
फिर शुभ ध्याने पामिया, निर्मल केवल ज्ञान (२) ॥६॥

१६. केवल पर्याय ।

इन्द्रभूति द्वादश वर्षा, लग केवल ज्ञानी ।
२सोले ३अटारे वर्ष, ४अटारे ५आठ प्रमानी ॥
छट्टा सोले वर्ष, वली सप्तम पण एता ।
अष्टम एक वीश वर्ष, चतुर्दश नवमा केता ॥
दशमा ग्यारमा ए दोइण, षोडश वर्ष विचार ।
रहिया गणधर देवजी, केवल पर्याय धार (२) ॥१०॥

१७. सर्वायु ।

पहिला बावन वर्ष, दूसरा चुम्मेत्तर ।
तीसरा सित्तर वर्ष, चौथा अस्सी लग गणधर ॥
पंचम एक शत वर्ष, ६त्रियासी वर्ष प्रमानो ।
७पंचावन ८अटोतर, ९बहोतर वर्ष पीछानो ॥
दशमा को बासठ तणो ए, ग्यारमा को चालीश ।
सर्व आउखो जानिये, फिर भये त्रिजग ईश (२) ॥११॥

१८-२०. सिद्धभूमि, संलेखना, गति ।

प्रथम पांचमा दोय नगर, राजग्रही जानो ।
अवर शेष गणधार, ज्ञातवन खण्ड वखानो ॥

मच भमराम एक मास मोक्षगति पाम्या सारा।
अजर अमर अधिकार हुआ कर्मों से न्यारा॥
जन्म मरण दुःख मेटाने ए कीधो मवमों अन्त।
कहत अमीरिख शाश्वता, हुआ सिद्ध भगवन्त (२)॥१२॥

कलश।

गीता छन्द।

इम कह्या गणधर नाम हितधर जपत सुख मगल करे।
मन वचन काया ध्यान धरतां विघन दुःख आगत हरे॥
इम कहे अमीरिख सुख मावे जो गुण गावशी।
तज जनम मरण अनंत शिवपुर वास अविचल पावशी॥१३॥

कृतांत काल पर दृष्टांत।

थारी अम्बूजी बैंगी दुम पर वारी। यह दशी॥

काल महा बलवन्त जगत में सतगुरु यों दरसावे।
ममता मोह मायावश प्राणी निर्विक जन्म गमावे॥
सुण भव प्राणी यह काल महा दुःखदायी॥ सुण०॥१॥
वरणुं एक दृष्टांत मनोहर सुणजो चित्त लगाई।
जग रचना सब अथिर जाण के धर्म करो सुखदाई॥सुण०
बसन्तपुर नगर में रहे तो शेठ सिरीधर एक।
द्रव्य अभूत भर्यो तस घर में पूर्व पुण्य विशेख॥ सुण०
गरवाशो देखी रिध सम्पद आरंभ अधिक बधावे।
नूतो महेल उचेल ललाई ऊंची नींव दिरावे॥ सुण०

सेड कारीगर शेठ प्रकाशे, बांधो महिल उत्तंग ।
जाली झरोखा गोख अटारी, कीजे अति मन रंग ॥ सुन०
शेठ हुकम में चाकर केई, लेवण गरजी दाम ।
पत्थर चुण चूना से टीपे, उमंग धरी करे काम ॥ सुन०
सेठ हरख ने नित नित चड़ने, निरखे मनोहर पेड़ी ।
शिल्पी ने कहे ढील न कीजे, आई दिवाली नेड़ी ॥ सुन०
शिल्लावट ने कहे शेठजी, करके अति चतुराई ।
चित्र सुरंग महेल करो नीको, देशुं द्रव्य सवाई ॥ सुन०
निरख महेल उतर्यो जब हेठे, भोजन की हुई त्यारी ।
जिमण काज रसोड़े पहोंतो मन में हरख अपारी ॥ सुन०
गादी बिछाय जुगत कर नीकी, मांडी सोवन थाल ।
बेटा पोता पास बिठाया जीमण ने उजमाल ॥ सुन०
सुंदर वनिता दूजी परणी यौवन रूप अपार ।
परोशन काजे हेत धरीने, बेठी रसोड़ा बार ॥ सुन०
नाना विध भोजन मन गमतां, व्यंजन अधिक रसाल ।
हरख धरी प्रीतम परोसे, ऊपर भम रह्यो काल ॥ सुन०
कारीगर कहे शेठ पधारो, गोखां काम बतावो ।
काम बतावन भोजन छोड़ी, ऊठ्यो आण उमावो ॥ सुन०
छूट्यो हथोड़ो तिण अवसर में, लागो आय कपाल ।
महिल झरोखा रेह गया झलता, शाहजी कर गया काल ॥सु०
थाल परोसी रह गई पूरी, खाय शक्यो नहीं अन्न ।
महिल मांही वश्यो नहीं पल भर, आश रही सब मन ॥ सुन०
ऐसो काल जोरावर जग में, सांभलजो नरनार ।
यह संसार स्वप्न सम जाणी, कीजे जिन धर्म सार ॥ सुन०
झूठा सुख में चेतन उलझयो, निज गुण याद न आवे ।
कहत अमीरिख धर्म पसाये, जनम मरण मिट जावे ॥ सुन०

मगर देखतां कोई सिधाया मुज मे यों ही आना रे।
तीन लोक में धाक काल की चेत सयाना रे ॥ चो॰
श्री जिन धर्म अराधो प्राणी पाप करम से डरिये रे।
अमीरिख कहे सुकृत साध्या भव जल तरिये रे ॥ चो॰

पांच इन्द्रियों की परवशता।

राग पूर्ववत्।

चेतो प्राणी रे २, गुरुदेव कृपा ज्ञान बतावेरे चेता प्राणी ॥टे॰
जो पंचेन्द्रिय मांहि मगन है विषय कषाय मे वारे रे।
तब ज्ञान जप तप संजम किरिया काम न सारे रे ॥ चे॰ ॥१
विषय स्पर्श इन्द्रिय वश कुंजर परवश होय बंधावे रे।
रसना वश जल जीव मिन मिन्न प्राण गमावेरे ॥ चे॰ ॥२
प्राण सुवास लुब्ध होय भमरा संपुट में लिपटावे रे।
सो पंकज गज तोड़ आप भक्षण कर जावे रे ॥ चे ॥३
रूप सुरंग मनोहर देखी नयन तब वश होवे रे।
दीपक मांहि पतंग पड़ी निर्थक भव खोवे रे ॥ चे॰ ॥४
मधुर आलाप श्रवण में सुन के लुब्ध हुआ वन हिरना रे।
वींधे वधिक बाण से पावे परवश मरना रे ॥ चे॰ ॥५
एक एक इन्द्रिय वश प्राणी इम विध प्राण गमावे रे।
जो पांचों में मगन भया कहो किम सुख पावे रे ॥ चे॰ ॥६
आश्रव विषय प्रमाद तणे वश जावे दुर्गत प्राणी रे।
जनम मरन विपता दुःख पावे कहे जिनवाणी रे ॥ चे॰ ॥७
सामायिक शुद्ध धर्म आराधो जिनगुण सम्यक् धारो रे।
कहत अमीरिख ज्ञान थकी होवे निस्तारो रे ॥ चे॰ ॥८

सुगुण जागोरे ।

राग पूर्ववत् ।

सुगुणा जागोरे २, यो काल बली छिन में लेजाशी रे ॥सुग०॥
काल अनन्तो भटकत चउगत, मोह नींद में सोयो रे ।
निजस्वभाव को छोड़ जीव, पुद्गल सङ्ग मोयो रे ॥ सु० ॥१॥
अशुभ करम वश पड़ियो प्राणी, मिथ्यामत में राच्यो रे ।
शुद्ध मारग को छोड़ और, दुर्गत पन्थ जाच्यो रे ॥ सु० ॥२॥
देव सदोषी गुरु लालची, हिंसा धर्म वधायो रे ।
अमृत जाणी जहिर पियो, कुगुरु भरमायो रे ॥ सु० ॥३॥
हिंसा धरम नांव पत्थर की, सेवे कुगुरु अन्धारे ।
तिरवा केरी आश करी, डूबे मति मन्दा रे ॥ सु० ॥४॥
करी करम दुरगति में पहुंचे, जीव घणो दुःख पावे रे ।
चार गति में जनम मरन को, अन्त न आवे रे ॥ सु० ॥५॥
अब सतगुरु को जोग मिल्यो है, साचा देव बताया रे ।
दया धर्म को धार अनन्ता, शिव सुख पायो रे ॥ सु० ॥६॥
रतन चिंतामणी समये अवसर, वार वार नहीं पाशी रे ।
अब के चुक पाम्यासुं फिर, पीछे पछताशी रे ॥ सु० ॥७॥
दया धर्म कुं मन में धारो, पाप प्रमाद निवारो रे ।
कहे अमीरिख करम तजी, होवे भव जल पारो रे ॥ सु० ॥८

जीव दया।

राग पूर्ववत्।

करुणा धारोरे २, भव जीवा जिससे शिव सुख पावोरे। टेक।
पुन्य उदय से नरभव पायो, श्रावक कुल अवतारो रे।
चिंतामणी सम जोग लेइ, फोगट मत हारो रे ॥ करुणा० ॥१॥
गुरु मुख आगम वाणी सुण मैं परमारथ सम्भालो रे।
छः काया का भेद लेइने, आरंभ टालो रे ॥ करुणा० ॥२॥
जीव जगत का जीतब चाहे, मरण न चाहे कोई रे।
जतन करो जीवां का मित्र, आतम सम जोइ रे। करुणा० ॥३॥
आगम वेद पुरान कुराने दया धर्म सब भाखे रे।
जानवंत मतिजीव सोही छःकाया राखे रे ॥ करुणा० ॥४॥
ज्ञान तणो जे सार दया है श्री जिन एम उचारे रे।
दया बिना तप संजम करनी काम न सारे रे ॥ करुणा० ॥५॥
समकित बिन गया भव के मांहि, करुणा चित्त में आई रे।
मेघकुंवर श्रेणिक सुत नन्दन सम्पद पाई रे ॥ करुणा० ॥६॥
पूरब भव श्री शांति जिनेश्वर शरण परेवो राख्यो रे।
परम ऋषि मेतारज स्वामी, शिवसुख चाख्यो रे ॥ करुणा० ॥७॥
जीव अनन्ता धर्म अराधी पाया भव जल पारो रे।
कहत अमीरिख दया थकी, वरते जय जय कारो रे ॥ क० ॥८॥

३४ अतिशय का स्तवन ।

मंगल की देशी ।

जय जय अरिहन्त दयाला, जग तारक परम कृपाला ।
दीपे अतिशय चौतीस भारी, करू वर्णन अति सुखकारी ॥त्रो०
सुखकारी अतिशय प्रथम जिनके, रोम नख वधे नहीं ।
वली रोग रहित पवित्र देही, है अनूपम गुण मही ॥
गौ दूध सरीखा मांस लोही, श्वास गध पकज सही ।
आकाश है धर्म चक्र, छुत्र त्रय सप्तम कही ॥१॥

दीपे चामर शोभा अपारी, सिंहासन रतना मही धारी ।
एक सहस्र धजा परिवारी, लहके इन्द्र ध्वजा मनुहारी ।।त्रो०
मनु हारि अतिशय कह्यो दसमो, देख पाखण्ड मद गले ।
सच्छाया वृक्ष अशोक रूडो, निरखता आरति टले ॥
